वर्ष -10, अंक -04, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , शनिवार,02 मार्च, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुआ विस्फोट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के राजाजीनगर में द रामेश्वरम कैफे में धमाका हुआ है। इस दौरान हादसे में कई लोगों को चोट लगने की भी जानकारी सामने आ रही है। बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद कम से कम चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन कर्मचारी और एक ग्राहक शामिल हैं।बेंगलुरु के राजाजीनगर में द रामेश्वरम कैफे में धमाका हुआ है। इस दौरान हादसे में कई लोगों को चोट लगने की भी जानकारी सामने आ रही है। बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड में रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद कम से कम चार लोग घायल हो गए। घायलों में तीन कर्मचारी और एक ग्राहक शामिल हैं। यह कैफे बेंगलुरु के सबसे लोकप्रिय फूड जॉइंट्स में से एक है भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने कहा, अभी-अभी रामेश्वरम कैफे के संस्थापक श्री



नागराज से उनके रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में बात हुई।उन्होंने मुझे बताया कि विस्फोट एक ग्राहक द्वारा छोड़े गए बैग के कारण हुआ, न कि किसी सिलेंडर विस्फोट के कारण। उनका एक कर्मचारी घायल हो गया है। यह स्पष्ट रूप से बम विस्फोट का मामला प्रतीत होता है।शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, दोपहर करीब 1 बजे एक बैग में रखी किसी वस्तु में विस्फोट हो गया। बताया जा रहा है कि रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के बाद व्हाइटफील्ड क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त घटनास्थल पर पहुंचे। यह कैफे बेंगलुरु के सबसे लोकप्रिय फूड जॉइंट्स में से एक है।व्हाइटफ़ील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रमेश्वरम कैफे में सिलेंडर विस्फोट हुआ है।

### बैरिस्टर गौहर खान फिर बने इमरान खान की पार्टी के अध्यक्ष

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने संगठनात्मक चुनावों से अन्य सभी उम्मीदवारों की वापसी के बाद दूसरी बार अध्यक्ष पद के लिए बैरिस्टर गौहर खान के चुनाव की घोषणा की है।45 वर्षीय बैरिस्टर गोहर को गुरुवार को निर्विरोध पार्टी का अध्यक्ष चुना गया और वह पार्टी में इस पद पर दो बार चुने जाने वाले एकमात्र नेता बने। पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी बलूचिस्तान के राष्ट्रपति पद के लिए क्वेटा में एक संगठनात्मक चुनाव आयोजित करेगी। मालूम हो कि 8 फरवरी के आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 266 सदस्यीय नेशनल असेंबली में बहुमत सीटें जीतीं।71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से नेता बने खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) में 3 मार्च को नए सिरे से संगठनात्मक चुनाव होने थे, क्योंकि इसके पहले इंट्रा-पार्टी चुनाव के नतीजे चुनाव आयोग द्वारा रद्द कर दिए गए थे।

## आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल को किया गया संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी एक आधिकारिक आदेश में दी गई है।आईपीएस अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसकी जानकारी एक आधिकारिक आदेश में दी गई है। वर्तमान में सीआरपीएफ में महानिरीक्षक असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया। जेएस (सुरक्षा) का पद पारंपरिक रूप से एक आईपीएस अधिकारी के पास होता है।वर्तमान में सीआरपीएफ में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है।अग्रवाल ऐसे समय में अपना

नया कार्यभार संभालेंगे जब 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने और पीले धुएं की एक कैन खोलने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है।उनकी नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया।तत्कालीन संयुक्त सचिव रघुबीर लाल के अपने कैडर में वापस जाने के बाद 20 अक्टूबर से जेएस (सुरक्षा) का पद खाली था।जेएस (सुरक्षा) का पद पारंपरिक रूप से एक आईपीएस अधिकारी के पास होता है।

## वायनाड के सरकारी पशु चिकित्सा कॉलेज में हुई छात्र की मौत पुलिस ने छह को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**वायनाड।** केरल के एक सरकारी पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की मौत विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत की घटना ने राज्य की राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की छात्र

मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार छह लोगों को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और सातवें व्यक्ति को आज पूछताछ के लिए पलक्कड़ से हिरासत में लिया गया है।केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान शाखा एसएफआइ पर छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं सीएम पिनाराई ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।वहीं इस मामले में राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की छात्र शाखा एसएफआइ पर छात्र की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र 20 वर्षीय सिद्धार्थन का शव 18 फरवरी को छात्रावास के स्नानघर में लटका हुआ मिला था।कांग्रेस का यह आरोप सिद्धार्थन के पिता के उस दावे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया (एसएफआइ) के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं ने छात्रावास में उनके बेटे को तीन दिन तक पीटा था। एसएफआइ ने आरोप से इन्कार किया है।राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि आरोपित एसएफआइ कार्यकर्ता हैं और उन्होंने छात्र को पीट-पीटकर मार डाला। कांग्रेस नेता ने कहा कि पुलिस अभी तक इस मामले में आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है क्योंकि उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है।

## भाजपा के चुनावी तरकश में कई 'रामबाण' राम मंदिर निर्माण अनुच्छेद 370 की समाप्ति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के महासमर में उतरने से पहले विपक्षी दल जब इस जुगत में हों कि मिलकर कैसे भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोका जाए, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा को 370 और राजग को 400 सीटों के पार पहुंचाने का आत्मविश्वास दिखाया है। राजनीतिक विश्लेषकों के मन में यह सवाल कौंध सकता है कि 10 वर्ष की सत्ता के बाद किसी भी सरकार के लिए चुनौती बढ़ जाती है, तब भाजपा के इस उत्साह का आधार क्या है भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में इस बार मोदी

की गारंटी की गूंज है। यह सिर्फ जनकल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है बल्कि पार्टी इस गारंटी को उन निर्णयों से भी जोड़कर प्रचारित कर रही है जो एतिहासिक हैं और जिनके माध्यम से मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बहुमत वाली सरकार के बल का भी संदेश जनता के बीच जाता है।इसका उत्तर संसद में मोदी सरकार द्वारा लाए गए श्वेत-पत्र, राष्ट्रीय अधिवेशन के राजनीतिक प्रस्ताव सहित शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता की जुबानी चर्चा में मिलता है, जिसमें राम मंदिर निर्माण से लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक के विरुद्ध कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और नागरिकता संशोधन अधिनियम जैसे मुद्दे हैं। 2019 से 2024 के बीच इन एतिहासिक निर्णयों से भाजपा ने अपना चुनावी तरकश इस तरह सजाया है, जिन्हें वह 'रामबाण' मानकर चल रही है।भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में इस बार 'मोदी की गारंटी' की गूंज है। यह सिर्फ जनकल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी इस गारंटी को उन निर्णयों से भी जोड़कर प्रचारित कर रही है, जो एतिहासिक हैं और जिनके माध्यम से मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बहुमत वाली सरकार के बल का भी संदेश जाता है।

## प्रधानमंत्री मोदी धनबाद में उर्वरक कारखाने का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को धनबाद में सिंदरी स्थिल हर्ल (उर्वरक कारखाना) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वो धनबाद में

एक जनसभा को संबोधित करेंगे। बरवड्डा में जनसभा के जरिए प्रधानमंत्री झारखंड में लोकसभा चुनाव की शुरुआत भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल के हुगली जिले के आरामबाग में आज और नदिया जिले के कृष्णानगर में शनिवार को एक-एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दो दिवसीय बंगाल दौरे में नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार कोलकाता में रात्रि विश्राम करेंगे। वे राजभवन में ठहरेंगे। में पढ़िए वो खबरें जिस पर आज रहेगी देश-दुनिया की नजरें। प्रधानमंत्री मोदी आज धनबाद में सिंदरी स्थिल हर्ल का उद्घाटन करेंगे।

## आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से झटका सजा माफ करने की याचिका खारिज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** यौन दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को आज सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को पुलिस हिरासत में महाराष्ट्र के अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट जाने की

सलाह दी है।सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को पुलिस हिरासत में महाराष्ट्र के अस्पताल में इलाज कराने के लिए राजस्थान हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है। आसाराम ने महाराष्ट्र में पुलिस हिरासत में आयुर्वेदिक इलाज कराने की भी मांग की थी, जिसपर कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट जाने को कहा।बता दें कि ये पहली दफा नहीं है जब आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली हो। है। शीर्ष न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर दुष्कर्म मामले में सजा निलंबित करने की आसाराम बापू की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। आसाराम बापू को आज सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। शीर्ष न्यायालय ने स्वास्थ्य आधार पर दुष्कर्म मामले में सजा निलंबित करने की आसाराम बापू की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया

## उत्तर भारत में करवट लेगा मौसम दिल्ली-उत्तर प्रदेश में आज और कल बारिश का अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है। पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब समेत देश के कई राज्यों में बारिश से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।पहाड़ों में बर्फबारी के बाद मैदानी इलाकों में भी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली यूपी हरियाणा और पंजाब समेत देश के कई राज्यों में बारिश से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। दिल्ली में लगातार दो दिन बारिश का अलर्ट जारी किया गया है जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी।मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी दिल्ली में आज पूरे दिन बादल छाए रहेंगे।

वहीं, आज और कल रात में बारिश की संभावना जताई गई है। 2 मार्च को बारिश की तीव्रता बढ़ सकती है। बारिश से दिल्ली-एनसीआर के मौसम में भी बदलाव देखने को मिलेगा और तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।उत्तर प्रदेश में भी मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो आज लखनऊ में बारिश से तापमान घटकर न्यूनतम 13 डिग्री और अधिकतम 29 डिग्री रह सकता है। वहीं, शाम के बाद ही कई जिलों में बादलों का डेरा नजर आने लगेगा और रात में बारिश की संभावना जताई गई है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर देर रात चार घंटे हुआ मंथन, जल्द आएगी पहली लिस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इस बीच अब पार्टियां उम्मीदवारों के चयन पर रणनीति बनाने लगी हैं। इसी को लेकर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने

बीती रात बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी समेत इसके सदस्यों ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची को अंतिम रूप देने पर मंथन किया। 2024 भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने बीती रात लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी समेत इसके सदस्यों ने चुनावों के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची को अंतिम रूप देने पर मंथन किया। माना जा रहा है कि पार्टी इस बार भी कई नए चेहरों को मौका देकर हारी हुई सीटों पर बाजी पलटने की रणनीति बना रही है।आगामी लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। राज्य के संसदीय क्षेत्रों के प्रत्याशियों पर चर्चा के लिए ये सभी सीएम बैठक में शामिल हुए। जानकारी के अनुसार, बैठक में उन प्रत्याशियों की सीटों को लेकर चर्चा हुई जिन पर भाजपा 2019 के चुनाव में पराजित हुई थी

## कौन है असली शिवसेना फैसला करने के लिए 7 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** असली शिवसेना की लड़ाई अब एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। कोर्ट ने कहा कि वह महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा, जिसमें शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को 'असली पार्टी' घोषित किया गया है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के शिंदे के नेतृत्व

वाले शिवसेना गुट को असली पार्टी घोषित करने के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर सात मार्च को सुप्रीम कोर्टसुनवाई करेगा। इससे पहले इस याचिका को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष 1 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना था।ठाकरे गुट की याचिका को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष 1 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना था। ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने याचिका का उल्लेख किया और कहा कि यह कार्य सूची में नहीं है।उन्होंने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से आग्रह किया कि इसे 7 मार्च को सूचीबद्ध किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इसे 7 मार्च को सुनवाई के लिए तैयार हैं।

## मणिपुर में प्रतिबंधित केसीपी (एन) के 3 सदस्य गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इम्फाल



पश्चिम जिले से प्रतिबंधित केसीपी (एन) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। मणिपुर में बीते कई समय से दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प देखी जा रही है। मणिपुर पुलिस ने इम्फाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित केसीपी के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। उनके कब्जे से पांच मोबाइल हैंडसेट और 4 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं।उनके कब्जे से पांच मोबाइल हैंडसेट और 4 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनके पास से बरामद हथियार और गोला-बारूद के बारे में संदेह है कि वे पहले सुरक्षा बलों से लूटे गए थे।

## प्रधानमंत्री मोदी का आज से दो दिन का बंगाल दौरा 7200 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का करेंगे उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन राज्यों का दो दिन का दौरा शुरू कर रहे हैं। पीएम

मोदी आज सुबह झारखंड से अपने दौरे की शुरुआत करेंगे, दोपहर को पश्चिम बंगाल और फिर कल बिहार में जनता को कई सौगातें देने के साथ-साथ रैलियां करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय पश्चिम बंगाल बिहार और झारखंड दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी 1 और 2 मार्च को बंगाल दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह पश्चिम बंगाल के हुगली में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में 7200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम की शुरुआत आज झारखंड के धनबाद से होगी।पीएम मोदी की पहली रैली आज झारखंड के धनबाद में आयोजित होगी। यहां बरवाअड्डा हवाई अड्डे पर भाजपा की जनसभा होगी। इसके बाद पीएम मोदी सिंदरी पहुंचेंगे, जहां वे हर्ल उर्वरक प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद दोपहर 11 बजे पीएम मोदी धनबाद, गिरिडीह और कोडरमा से आए लाखों कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। हालांकि, लोगों की नजर पीएम मोदी की आरामबाग में होने वाली रैली पर हैं। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह दिल्ली से बंगाल रवाना होंगे। वो दुर्गापुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां से वह पड़ोसी राज्य झारखंड के दौरे पर जाएंगे। वहां कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह सीधे पश्चिम बंगाल के आरामबाग पहुंचेंगे।दोपहर लगभग 3 बजे, प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जहां वह पश्चिम बंगाल के हुगली के आरामबाग में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

# प्राचीन गौरव हासिल करने हाईकोर्ट पहुंचे पृथ्वीराज चौहान के वंशज ओबीसी सूची में शामिल करने पर जताई आपत्ति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** नोनिया चौहान जाति को ओबीसी सूची में शामिल करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले के खिलाफ भारतीय क्षत्रिय महासभा और सांभरी क्षत्रिय राजपूत एकता फाउंडेशन ने आपत्ति जाहिर की है। इसके खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। भारतीय क्षत्रिय महासभा और सांभरी क्षत्रिय राजपूत एकता फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने लोनिया चौहान बिरादरी को ओबीसी की सूची से बाहर करने और उन्हें क्षत्रिय घोषित करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका दावा है कि लोनिया चौहान मेवाड़ के राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, जबकि राजनीतिक लाभ के लिए उन्हे ओबीसी की सूची में नोनिया विरादरी के संग शामिल कर दिया गया है। भारतीय क्षत्रिय महासभा और सांभरी क्षत्रिय राजपूत एकता फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने लोनिया चौहान बिरादरी को ओबीसी की सूची से बाहर करने और उन्हें क्षत्रिय घोषित करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका दावा है कि लोनिया चौहान मेवाड़ के राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, जबकि राजनीतिक लाभ के लिए उन्हे ओबीसी की सूची में नोनिया विरादरी के संग शामिल कर दिया गया है। गौरतलब है कि छह सितंबर 1995 और 31 अगस्त 2002 को उत्तर प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी कर लोनिया चौहान बिरादरी को नोनिया जाति की शाखा मानते हुए ।

# पृथ्वीराज चौहान के वंशजों ने याचिका वापस लाये

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** पृथ्वीराज चौहान के वंशजों ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को वापस ले ली। तकनीकि कारणों से याचिका को वापस ली गई है। पृथ्वीराज चौहान के वंशजों ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को वापस ले ली। तकनीकि कारणों से याचिका को वापस ली गई है। हाईकोर्ट ने याची को नए सिर से जनहित याचिका दाखिल करने की अनुमति दी है। याची के अधिवक्ता सुनील यादव ने बताया कि जरूरी दस्तावेजों के साथ नई याचिका एक सप्ताह के भीतर दाखिल कर दी जाएगी। भारतीय क्षत्रिय महासभा और सांभरी क्षत्रिय राजपूत एकता फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति की सूची में नोनिया बिरादरी के साथ लोनिया चौहान जाति दर्ज किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने लोनिया चौहान बिरादरी को ओबीसी की सूची से बाहर करने और उन्हें क्षत्रिय घोषित करने की मांग को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका दावा है कि लोनिया चौहान मेवाड़ के राजा पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं, जबकि राजनीतिक लाभ के लिए उन्हे ओबीसी की सूची में नोनिया विरादरी के संग शामिल कर दिया गया है।

# प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र मनाने में जुटे अधिकारी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** छात्र की पिटाई के मामले में निलंबित किए गए आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य के समर्थन में विद्यालय के बच्चे उतर गए हैं। निलंबन वापस लेने की मांग को लेकर बच्चों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। करछना के खाई में स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर बच्चों का गुस्सा फूट पड़ा। निलंबन के विरोध में बच्चों ने कक्षाओं का बहिष्कार कर भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी होते ही जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बच्चों को मनाने में जुट गए हैं। बच्चों का कहना है कि जब तक प्रधानाचार्य को बहाल नहीं किया जाता है उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खाई करछना में प्रधानाचार्य मत्स्येंद्र नाथ त्रिपाठी के निलंबन के विरोध में विद्यालय के सभी बच्चे भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि प्रधानाचार्य को बहाल करके वापस इसी विद्यालय में भेजा जाए। बता दें कि प्रधानाचार्य को एक छात्र को प्रताड़ित करने के आरोप में निलंबित किया गया है, जबकि अन्य विद्यार्थियों का कहना है कि प्रधानाचार्य की कोई गलती नहीं थी। छात्र ही नियमों का उल्लंघन कर रहा था।

विद्यालय में विवाद की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी पहुंची, लेकिन छात्र नहीं माने। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय भी विद्यार्थियों को मनाने विद्यालय में पहुंचीं। प्रज्ञा पांडे ने कहा कि विद्यार्थियों की मांग को शासन तक पहुंचाया जाएगा।

# पुलिस की ओर से जब्त 22 ऊंटों की वापसी के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** अनस का आरोप है कि तब पुलिस ने जब्त ऊंट को संरक्षण केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी थी। अनस के अधिवक्ता शम्स-उ-जमा के अनुसार तीन वर्ष बीत जाने के बाद उस्मान ने इन ऊंटों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी मेरठ में पुलिस द्वारा जब्त किए गए 22 ऊंट गायब होने पर उन्हें ढूंढने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के अनस व उस्मान ने अगस्त 2019 में ईद के दौरान 22 ऊंट लिए थे। तब पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए उनकी कुर्बानी पर प्रतिबंध लगाते हुए सभी 22 ऊंट जब्त कर लिए थे। अनस का आरोप है कि तब पुलिस ने जब्त ऊंट को संरक्षण केंद्र भेजे जाने की जानकारी दी थी। अनस के अधिवक्ता शम्स-उ-जमा के अनुसार तीन वर्ष बीत जाने के बाद उस्मान ने इन ऊंटों के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने मेरठ प्रशासन को ऊंट वापस करने का आदेश दिया, लेकिन इसका अनुपालन नहीं किया गया। इस पर इस बार अनस ने लापता हुए 22 ऊंटों की वापसी के लिए फिर याचिका दाखिल की।



# महाकुंभ के बेहतर आयोजन के लिए देश के तकनीकी संस्थानों से आए 170 सुझाव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** ट्रिपलआईटी, मेला प्राधिकरण की सहायता से आयोजित हैकाथॉन के तहत तीन अलग-अलग थीम सुरक्षा और सर्विलांस, देख-रेख, प्रबंधन और वीआर तकनीक के जरिये मेला दर्शन पर सुझाव मांगे गए थे। कुल सुझावों में से फिलहाल 79 को अगले चरण के लिए चुना गया है। महाकुंभ-2025 के बेहतर आयोजन के लिए देश भर के तकनीकी संस्थानों ने विचार करके अपने-अपने सुझाव भेजे हैं। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान को कुल 170 सुझाव प्राप्त हुए हैं। संस्थान इनका अध्ययन करके बेहतरीन सुझावों को शासन को सौंप देगा। ट्रिपलआईटी, मेला प्राधिकरण की सहायता से आयोजित हैकाथॉन के तहत तीन अलग-अलग थीम सुरक्षा और सर्विलांस, देख-रेख, प्रबंधन और वीआर तकनीक के जरिये मेला दर्शन पर सुझाव मांगे गए थे। कुल सुझावों में से फिलहाल 79 को अगले चरण के लिए चुना गया है। हैकाथॉन के नोडल अधिकारी प्रो. नीतेश पुरोहित ने बताया कि पहले सभी संस्थानों से संक्षेप में सुझाव मांगे गए थे। अगले चरण के लिए चुने गए संस्थानों से सुझावों में प्रयुक्त तकनीक और उसकी कार्यविधि की विस्तृत रूपरेखा मांगी गई है। इसके लिए एक से पांच मार्च तक का समय दिया गया है। बताया कि इसके बाद तीनों थीम के लगभग पांच-पांच सुझावों को दूसरे चरण (16-20 मार्च) के लिए चुना जाएगा। अंत में 21 मार्च को तीनों वर्गों से एक-एक सुझाव का चयन होगा, साथ ही सभी को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा बता दें कि महाकुंभ के दौरान सटीक सुरक्षा व्यवस्था, सर्विलांस, आवागमन और भीड़ प्रबंधन के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक से योजना तैयार की जाएगी।

# धारावाहिक-फिल्मों के पटकथा लेखक मेराज जैदी नहीं रहे सुपुर्दे खाक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** मेराज जैदी अपने पीछे बेटे शोएब, शेखू, शेरू और बेटियों सुनैना, उजमा से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। मूलरूप से उन्नाव में जन्मे मेराज अरसा पहले दांदूपुर के ही हो गए थे। उन्होंने झांसी की रानी, वीर शिवाजी, शोभा सोमनाथ की, आपकी अंतरा, राजा का बाजा सहित दर्जनों धारावाहिकों के लिए कथा, पटकथा, संवाद लेखन किया था। वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को छोटे पर्दे पर जीवंत करने वाले सुप्रसिद्ध पटकथा लेखक मेराज जैदी नहीं रहे। बृहस्पतिवार की भोर में तकरीबन तीन बजे उन्होंने अपने दांदूपुर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह तकरीबन 76 वर्ष के थे और बीते एक माह से बीमार थे। दोपहर बाद उन्हें दांदूपुर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। वहां अपने पीछे बेटे शोएब, शेखू, शेरू और बेटियों सुनैना, उजमा से भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# यूपी में राजभर-दारा बनेंगे मंत्री, रालोद को भी कैबिनेट में मिलेगी जगह सीएम योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनऊ।** दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।भाजपा यूपी में सहयोगी दलों ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा (एक सीट), अपना दल (दो सीट), निषाद पार्टी (एक सीट) और रालोद (दो सीट) को छह सीटें देने पर सहमत हो गई है। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एनडीए में शामिल आरएलडी से भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है।पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे।केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।

# 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**वाराणसी ।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज जौनपुर दौरे पर हैं। इससे पहले वे मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम गए। वहां दर्शन पूजन करने के बाद जनसभा को संबोधित किया। जौनपुर जिले में कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात भी दी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोपहर 2.23 बजे जौनपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद विशाल जनसभा में केंद्रीय मंत्री का संबोधन शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास आज किया गया है। उत्तर प्रदेश में 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लेंथ 7643 किमी थी, जो आज 13 हजार किमी है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोपहर 2.23 बजे जौनपुर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 10 हजार करोड़ की दस बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। इसके बाद विशाल जनसभा में केंद्रीय मंत्री का संबोधन शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि जौनपुर से करीब दस हजार करोड़ की लागत की परियोजनाओं का



# यूपी में सहयोगी दलों को छह सीटें देगी भाजपा, राजनाथ सिंह लखनऊ से लड़ेंगे चुनाव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनऊ।** यूपी में भाजपा सहयोगी दलों को छह सीटें दे सकती है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से ही चुनाव लड़ेंगे। जल्द की इसकी घोषणा की जाएगी।आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी में सभी 80 सीटों पर जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा प्रदेश में सहयोगी दलों को छह सीटें दे सकती है। चुनाव की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।सूत्रों के अनुसार, भाजपा यूपी में रालोद को दो सीटें, अपना दल को दो सीटें, निषाद पार्टी को एक सीट और राजभर की पार्टी सुभासपा को एक सीट दे सकती है। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे।केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है

# काशी में इस बार खास होगी शिवबरात 10 फीट के शेर, 14 फीट के नंदी पर विराजेंगे बाबा और गौरा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**वाराणसी।** काशी में शिव बरात की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार की शिव बरात खास होगी। मां पार्वती दुल्हन के रूप में होंगी तो वहीं भोले बाबा बॉडी बिल्डर बनेंगे। इस बार 10 फीट के शेर और 14 फीट के नंदी पर भगवान शंकर और मां गौरा विराजेंगी।महाशिवरात्रि पर काशी में इस बार शिवबरात की अलग ही आभा दिखेगी। 10 फीट के शेर और 14 फीट के नंदी पर भगवान शंकर और मां गौरा विराजेंगी तो बाबा के गण वाद्ययंत्रों पर थिरकते और उनकी भक्ति में मगन होकर चलेंगे। शिवबरात में इस बार भोलेबाबा बॉडी बिल्डर के रूप में दिखेंगे तो मां पार्वती दुल्हन के रूप में दर्शन देंगी। मां पार्वती शिवलिंग का अभिषेक करते भी झांकी सजाई जाएगी।महाशिवरात्रि को देखते हुए शिव और मां पार्वती की प्रतिमाएं विभिन्न थीम पर बन रही हैं। इनमें कुछ प्रतिमाएं शिव बरात में शामिल होंगी तो कुछ मंदिरों में स्थापित की जाएंगी। खोजवां में नंदी और बाबा की प्रतिमा बैठी मुद्रा में 14 फीट की बन रही है। इसकी कुल लंबाई 32 फीट है। नंदी पर भगवान शंकर को विराजमान कराया गया है। प्रख्यात मूर्तिकार अभिजीत विश्वास ने बताया कि महाशिवरात्रि पर पहली बार इतनी लंबी प्रतिमा बन रही है। बाबा की प्रतिमा महावीर मंदिर भोजूबीर से निकलने वाली शिवबरात की शोभायात्रा में शामिल होगी मूर्तिकार शीतल ने बताया कि मिट्टी के ढांचा तैयार कर फाइबर से करीब 10 फीट का शेर व शेषनाग बनाया जा रहा है। इसपर भगवान शंकर और पार्वती के स्वरूप बैठेंगे। शेर वाली प्रतिमा गौरी केदारघाट से निकलने वाली शिवबरात में होगी। अभिजीत विश्वास ने बताया कि वक्त के साथ नए-नए थीम पर पूजा समितियां प्रतिमाएं बनवा रही हैं। परंपरा के साथ आधुनिकता का रूप दिया जा रहा है। एक शिवबरात में बाबा को बॉडी बिल्डर और मां पार्वती दुल्हन के स्वरूप में शामिल किया जाएगा।

# दर्दनाक हादसे में सगे भाइयों की मौत, मचा कोहराम, गांव में पसरा मातम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** मेरठ में एक दर्दनाक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में भी मातम पसरा है।मेरठ के खरखौदा क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि बृहस्पतिवार रात में मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर धीरखेड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दो सगे भाइयों कृष्ण व अशोक पुत्र सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। इनके अलावा कन्हैया नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया गया कि पांची निवासी कृष्ण कुमार पुत्र सुनील अपने भाई अशोक कुमार व कन्हैया के साथ बाइक पर सवार होकर बीमार मां को अस्पताल में देखने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। वहीं, एक साथ दो सगे भाइयों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का यहां ले सकेंगे लुत्फ, जल्द हो जाएगा तैयार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर के रामगढ़ताल में जल्द ले सकेंगे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का लुत्फ। बृहस्पतिवार को देर शाम फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को रामगढ़ताल में उतारा गया था। सीएम योगी इसका लोकार्पण कर सकते हैं।गोरखपुर में लेक क्वीन क्रूज के बाद रामगढ़ताल में जल्द ही लोग फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजन का लुत्फ उठा सकेंगे। लंबे इंतजार के बाद बृहस्पतिवार देर शाम करीब 7.30 बजे फ्लोटिंग रेस्टोरेंट को रामगढ़ताल में उतारा गया। इसके इंटीरियर का काम चल रहा है। काम पूरा होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका लोकार्पण कर सकते हैं।00 फीट लम्बाई और 33 फीट चौड़ाई के इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की क्षमता 150 लोगों की है। इसके अलावा 50 की संख्या में स्टाफ मौजूद रहेगा। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के निर्माण पर तकरीबन 10 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की गई है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि बैठने के बाद इससे रामगढ़ताल का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का संचालन नया सवेरा पर बने प्लेटफार्म नम्बर 02 से किया जाएगा। फर्म के निदेशक रक्ष राजीव ढींगरा ने बताया कि उनकी कोशिश इसे मार्च मध्य में लोकार्पित कराने की है।बृहस्पतिवार शाम 4 बजे से फ्लोट को पानी में उतारने की कोशिशों में सफलता देर शाम 7.30 बजे मिली। इस दौरान निदेशक रक्ष राजीव ढींगरा, जीएम उग्रसेन सिंह, जीएम फारेस्ट क्लब राहुल सिंह, जीएम रायल रेजिडेंसी राकेश राय, असरफ जमाल समेत सभी के चेहरे खिल उठे।नवंबर 2022 से हो रहा था निर्माण इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का निर्माण नवंबर 2022 में शुरू हुआ। तकरीबन 200 टन वजन के इस फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के निर्माण में 10 करोड़ रुपये के करीब धनराशि खर्च हुई है। फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की मालिक लेकवर्स प्राइवेट लिमिटेड निदेशक रक्ष राजीव ढींगरा को गोरखपुर विकास प्राधिकरण को प्रतिमाह 4,52,500 रुपए एवं जीएसटी देना होगा। फर्म को फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के संचालन का अधिकार 15 साल के लिए मिला है।

# अब कंकरखेड़ा में आया तेंदुआ, मचा हड़कंप, दहशत से घरों में दुबके लोग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** अब मेरठ के कंकरखेड़ा में भी तेंदुआ देखा गया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया और लोग अपने-अपने घरों में दुबक गए। बताया गया कि तेंदुआ सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है।मेरठ में कंकरखेड़ा के आर्य नगर में शुक्रवार सुबह एक तेंदुआ मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। मामले की जानकारी होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान लोग घरों के अंदर दुबककर बैठ गए।वहीं, तेंदुए की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौक पर पहुंची और एंदुए की तलाश में जुट गई है।कंकरखेड़ा के सरधना रोड स्थित आर्य नगर निवासी अभय के मकान पर सीसीटीवी लगे हुए हैं। अभय ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग पौने छह बजे एक तेंदुआ दिखाई दिया। इसी बीच एक बाइक सवार युवक सुबह के समय किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान युवक का तेंदुए से आमना-सामना हो गया। तेंदुए को देखकर युवक ने बाइक रोक ली। युवक का कहना है कि बाइक की तेज लाइट को देखकर तेंदुआ दूसरी तरफ भाग गया। इस दौरान युवक ने घबराकर शोर मचा दिया।

# गाजीपुर में अफजाल अंसारी बोले बिना कसूर और खता की सजा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गाजीपुर।** अफजाल अंसारी ने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए चुनौती है। हम सबके सामने लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती है। अगर हम उनकी साजिश से नहीं बचे तो यह लोकतंत्र का अंतिम चुनाव होगा। समाजवादी पार्टी के सदर विधानसभा के तत्वावधान में लोहिया भवन कार्यालय पर पार्टी के गाजीपुर लोकसभा के प्रत्याशी अफजाल अंसारी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि यह चुनाव हम सबके लिए चुनौती है। हम सबके सामने लोकतंत्र और संविधान को बचाने की चुनौती है। अगर हम उनकी साजिश से नहीं बचे तो यह लोकतंत्र का अंतिम चुनाव होगा। यह चुनाव देश तोड़ने वाली भाजपा और संविधान बचाने वाली समाजवादी पार्टी के बीच है।उन्होंने कहा कि बिना कसूर और खता की भाजपा सरकार सजा दे रही है। मेरा कुसूर सिर्फ इतना रहा है कि हमेशा जान जोखिम में डालकर गरीबों के जानमाल की रक्षा करता रहा हूं। उन्होंने भाजपा के इस बार चार सौ के पार के नारे पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में बोल रही है, वह खुद नहीं बल्कि उनका गुरुर बोल रहा है। जनता सत्ता से बेदखल कर उनके गुरुर को तोड़ने का काम करेगी। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कल सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई द्वारा नोटिस भेजने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के नशे में है। अपनी पराजय निकट देख वह अपना आपा खो बैठी है।

# तंबाकू कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर दूसरे दिन भी जांच जारी, साढ़े चार करोड़ नकदी और लग्जरी कारें बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कानपुर।** तंबाकू कारोबारी के प्रतिष्ठानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की कार्रवाई चलती रही। अधिकारियों ने साढ़े चार करोड़ नकदी बरामद की है। साथ ही, 50 करोड़ कीमत की लग्जरी कारें मिली हैं।चोरी की आशंका में आयकर की अलग-अलग टीमों ने कानपुर से कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी के कानपुर, दिल्ली, अहमदाबाद समेत 14 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। विभाग की जांच दूसरे दिन भी जारी है। जानकारी के अनुसार, साढ़े चार करोड़ नकदी बरामद हुई है।इसके अलावा, 50 करोड़ कीमत की लग्जरी कारें जैसे मर्सिडीज, रोल्स रॉयस, लेम्बोर्गिनी आदि मिली हैं। कारोबारी 25 से 30 करोड़ का टर्नओवर दिखा रहे थे, जोकि जांच में 100 करोड़ से ऊपर का मिला है। अधिकारी दस्तावेजों को खंगाल रहे है। बता दें कि पहले दिन भी देर रात तक जांच-पड़ताल चली थी।यहां से टीमों ने बड़े पैमाने पर दस्तावेज, लैपटॉप, मोबाइल आदि जब्त किए। यह कार्रवाई कुछ दिन पूर्व एक बड़े पान मसाला कारोबारी के यहां पड़े छापे के बाद मिले इनपुट पर की गई। आयकर के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार दोपहर बाद वंशीधर श्रीराम फर्म के तीन प्रतिष्ठानों पर छापा मारा।बड़े पैमाने पर सप्लाई करते हैं तंबाकू इसके साथ दिल्ली स्थित आवास पर भी छापा मारा। सूत्रों के अनुसार रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। पहले कारोबारी आर्यनगर में रहते थे। सालों पहले वह दिल्ली चले गए और कारोबार अहमदाबाद शिफ्ट कर दिया। शहर में फैक्ट्री है। कारोबारी सभी प्रमुख पान मसाला कारोबारियों को बड़े पैमाने पर तंबाकू सप्लाई करते हैं।

# प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी कराएं अमरमणि के संपत्तियों की कुर्की

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**बस्ती।** बस्ती के व्यापारी के पुत्र राहुल मद्देशिया के अपहरण मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी भी नामजद आरोपी हैं। कोर्ट की तरफ से एनबीडब्लू और वारंट के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकी। कोर्ट ने कहा- आरोपी के प्रभावशाली होने के कारण उस पर कार्रवाई से स्थानीय पुलिस भी बच रही है।बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण मामले में नामजद फरार पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अमरमणि की संपत्तियों को कुर्क कराने में हीलाहवाली कर रही स्थानीय पुलिस को दरकिनार करते हुए न्यायालय ने अब प्रमुख सचिव गृह और डीजीपी को कार्रवाई के लिए कहा है। केस की अगली सुनवाई के लिए 20 मार्च को होगी।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम/विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) प्रमोद कुमार गिरि ने कहा कि ऐसी पूरी संभावना है कि स्थानीय पुलिस आरोपी के प्रभावशाली होने के कारण उस पर कार्रवाई करने से बच रही है। ऐसी स्थिति में समस्त जिलों में स्थित आरोपी अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों की कुर्की के लिए प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया जाता है कि वे संपत्तियों को कुर्क कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई कराकर रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।सुनवाई के बाद जारी आदेश में कोर्ट ने कहा कि अमरमणि त्रिपाठी का लंबा आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ हत्या सहित कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा, सरगना फरार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**झांसी।** रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। बदमाश महिला यात्रियों के हाथों में मेंहदी देखकर उनके पास जेवर और नकदी होने का अंदाजा लगा लेते थे और ऑटो में बिठाकर उनके बैग से सामान चोरी कर लेते थे। शुक्रवार को गिरोह ने एक महिला यात्री को शिकार बनाया था। जीआरपी ने चोरी का माल बरामद कर लिया है।बीते शुक्रवार को ग्वालियर निवासी रूबी पत्नी जयनारायण इटावा एक्सप्रेस से गुरसराय में शादी में शामिल होने के लिए झांसी पहुंची थी। रूबी ने स्टेशन के तीन मूर्ति गेट से बस स्टैंड के लिए ऑटो लिया था। ऑटो में पहले से बैठे दो युवकों ने महिला के बैग से लाखों रुपये के सोने के जेवर और नकदी चोरी कर ली थी। मामला जीआरपी के पास आया तो पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। बुधवार को जीआरपी ने स्टेशन परिक्षेत्र से ऑटो चालक रफीक उर्फ भूरा पुत्र करीम बख्श व नाजिम अली पुत्र लियाकत अली निवासी पुलिया नंबर नौ थाना प्रेमनगर को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिया नंबर 9 निवासी महिला नाजमा को चोरी का हार और नकदी सहित गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सरगना मोनू के कहने पर वारदात को अंजाम देते थे और चोरी का माल महिला के पास रखते थे।

# सेंट्रल पर डीआरएम का निरीक्षण बोले- स्टेशन का हैरिटेज स्वरूप नहीं बदलेगा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**मेरठ।** सेंट्रल पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि स्टेशन का हैरिटेज स्वरूप नहीं बदलेगा। साथ ही, सिटी साइड की ओर से मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है।कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन का हैरिटेज स्वरूप नहीं बदलेगा। कैंट साइड की ओर बनी स्टेशन की भव्य बिल्डिंग में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, जबकि सिटी साइड की ओर से मल्टी स्टोरी बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। स्टेशन पर जल्द ही एयरपोर्ट की तर्ज पर कॉनकोर्स का निर्माण चालू होगा।फर्स्ट एसी वेटिंग रूम को एग्जीक्युटिव लाउंज में बदला जा रहा है। यह जानकारी प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी ने पत्रकारों को दी। वह गुरुवार का सेंट्रल पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने आरपीएफ के बैरिक में जिम का उद्घाटन किया। रेलवे के अधिकारियों संग बैठक कर दिशा निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि सेंट्रल स्टेशन पूरी तरह से परिवर्तित हो जाएगा। यात्रियों की किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। सिटी साइड की ओर मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में मॉल, कई तरह की दुकाने होंगी, जबकि पार्किंग का कार्य भी चल रहा है। उस तरफ रेलवे के कुछ कार्यालय और टिकट और आरक्षित टिकट सेंटर आ जाएंगे।

# अब एआई रोबोट रखेगा रेलवे ट्रैक पर नजर, हादसे से पहले मिलेगा अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कानपुर।** अब रेलवे ट्रैक पर एआई रोबोट नजर रखेगा। झांसी रेल मंडल के तीन हजार किमी लंबे रेलवे ट्रैक पर नजर रखी जाएगी। सिग्नल और ओएचई का डाटा रोबोट की मेमोरी में दर्ज किया जा रहा है। ऑटोमेटिक सिग्नल और सेंसर भी एआई तकनीक पर काम करेंगे। रेलवे ट्रैक पर कोई तकनीकी खामी आने पर पहले सूचना मिलेगी।झांसी मंडल में फैले तीन हजार किमी लंबे रेलवे ट्रैक पर अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) रोबोट नजर रखेगा। पूरे मंडल में कहीं भी रेलवे ट्रैक, इंजन, सिग्नल और ओएचई में आने वाली तकनीकी खामी के बारे में रोबोट अफसरों को पहले से अलर्ट दे देगा। इसके लिए मंडल में रोबोट को प्रशिक्षण देने का काम चल रहा है।रोबोट की मेमोरी में रेलवे अफसर पूरे ट्रैक और हर छोटे से छोटे बिंदु का डाटा फीड कर रहे हैं। सुरक्षित रेल संचालन के लिए रेलवे ट्रैक, इंजन, सिग्नल, ब्रिज, ओएचई, ट्रेन के पहिये समेत तमाम मशीनों और संचार माध्यम का दुरुस्त होना जरूरी है। हालांकि रेलवे ट्रेनों के संचालन में पूरी सजगता बरतता है, लेकिन कई बार तकनीकी खामी के चलते ट्रेनें दुर्घटना का शिकार हो जाती हैं। इससे रेलवे को जान-माल का नुकसान उठाना पड़ता है। अब झांसी मंडल ने हादसों पर लगाम लगाने और तकनीकी विकास के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) तकनीक को अपनाया है। यहां रोबोट तैयार किया जा रहा है। रोबोट में मंडल से गुजरने वाली हर ट्रेन, तीन हजार किमी लंबी पटरी, इंजन, सिग्नल, एचई, 350 छोटे-बड़े ब्रिज व ट्रेन के आठ हजार से अधिक पहियों की एक-एक जानकारी फीड की जा रही है।



# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में बह रही विकास की गंगा खुशहाल हैं आमजन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** स्वर्ण जयंती चौक पर गुरुवार को भाजपा सरकार अपना दल एस सरकार द्वारा विकास कार्यों को लेकर अपना दल एस सांसद पकौड़ी लाल कोल द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान बीते वर्षों के विकास कार्यों का गिनता उपलब्धियां बताया विकसित देश का सपना हो रहा साकार।वहीं सांसद पकौड़ी लाल कॉल ने बताया कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक 14 बिंदुओं पर कायाकल्प जहां बच्चे तट पर बैठते थे आज थाट से कुर्सी पर बैठकर अध्ययन करते हैं पठन-पाठन पर्यटन क्षेत्र में 6 स्थलों को सुंदरीकरण व कायाकल्प को सुकृत हुए करोड़ों के बजट पेयजल को लेकर करोड़ की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मजबूती के साथ सरकार कर रही कार्य आवास योजना में हर गांव तक पहुंचा सरकारी आवास प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास खुशहाल हैं ग्रामीण एयरपोर्ट योजना अग्निशमन से जुड़े केंद्र व भवन योजना न्यायालय कोर्ट ओबरा लेडी भवन कर्ण की सौगात कनहर सिंचाई परियोजना दुद्धीकरणों की सौगात अटल आवासीय विद्यालय में करोड़ों की सौगात राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माण करोड़ की सौगात 48वीं वाहिनी पीएससी में करोड़ों की सौगात पुल कुंडॉरी मार्ग कोलिया



घाट सोन नदी सेतु निर्माण शाहिद सीसी रोड आंगनबाड़ी केंद्र विकास भवन पंचायत भवन ओबरा में सी प्लांट निर्माण विद्युतीकरण में सौभाग्य योजना छोटे छोटे बस्तियों को विद्युतीकरण सौभाग्य योजना जर्जर विद्युतीकरण में निर्माण कार्य आईटी लाइटों के तार पोल निर्मला दिन ओवरलोड से जलने वाले ट्रांसफार्मर की नवीनीकरण सौभाग्य योजना निशुल्क विद्युत कनेक्शन सांसद निधि के तहत 994 स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना सर मध्य से 500 स्थलों पर सोलर लाइट स्थापित स्थापना उद्यान विभाग में 15 एकड़ के निशुल्क मांगा फल ट्रायंगल फुट स्ट्रॉबेरी की खेती 5 एकड़ बड़े पैमाने पर मशरूम की खेती की सुविधा रोजगार को लेकर सभी विकास करो में कौशल विकास योजना उपलब्ध के दौरान बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया रेलवे चोपन चुनार सिंगल लाइन विद्युतीकरण एवं 100 किमी स्ट्रीट का ट्रैक लगभग 100 करोड़ का योगदान के ऊपर चुनार रेल मार्ग दोहरीकरण बजट हुए वाया

# थाना दुद्धी पुलिस ने माननीय न्यायालय के वांछित चल रहे 03 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी सोनभद्र के पर्यवेक्षण मे आज दिनांक 01.03.2024 को थाना दुद्धी पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय सिविल जज जू0डि0/जे0एम0 दुद्धी सोनभद्र के मु0न0 1889/22 धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.अशोक पुत्र सुन्दर देव निवासी अमवार थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र 2.संजू पुत्र सिया राम निवासी अमवार थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र व मु0न0 -678/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त जगदीश पुत्र बिरझन निवासी



अमवार थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्तगणों के विरुद्ध गैर जमानती वारण्ट व धारा 82/83 जा0फौ0 जारी किया गया था। गिरफ्तारी की विवरण निम्नवत् है-

# जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पालीटेक्निक एवं विन्ध्यवासिनी देवी मन्दिर भ्रमण कर तैयारियो का किया निरीक्षण

मा0 कैबिनेट मंत्री सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार श्री नितिन गडकरी



जी कल दिनांक 01 मार्च 2024 को अपने जनपद भ्रमण के दौरान जनपद मीरजापुर में उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-135ए पर फोरलेन मीरजापुर बाईपास, गंगा नदी पर सेतु एवं पहुंचमार्ग सहित कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। 1708.62 करोड़ की लागत की यह राजमार्ग 15 किलोमीटर सेतु सहित अध्यात्मिक दृष्टि से महत्पूर्ण है। प्रस्तावित मीरजापुर बाईपास राजमार्ग संख्या-135 से प्रारम्भ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 35 से मिलकर पुरातन धार्मिक स्थल माता विन्ध्यवासिनी मन्दिर, कालीखोह मन्दिर तथा अष्टभुजा मन्दिर के समीप होकर जाता हैं। इस बाईपास पर गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल का भी निर्माण प्रस्तावित हैं।

# संविलियन स्कूल सरसेंडी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बारा।** प्रयागराज विकास खण्ड जसरा के संविलियन विद्यालय सरसेंडी का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। खुशी, शुभी, नव्या, शिवांगी, अवनीश ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत गीत व नाटक प्रस्तुत किये। प्रधानध्यापिका ने कक्षा आठ के बच्चों का विदाई करते हुए तिलक लगाकर पुरष्कृत किया। मुख्य अतिथि प्रधान प्र. मनोज तिवारी ने कहा कि सरकार परिषदीय बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कटिबद्ध है। ग्रामसभा के सभी अभिभावक विद्यालय हितार्थ सदैव तत्पर रहेंगे। ई.प्र.अ. संतोष कुमारी ने बच्चों को पुरष्कार वितरित किया। अभिभावकों ने विद्यालय में जनसहभागिता की बात कही। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुमंत भार्गव ने किया। मुख्य रूप से एसएमसी अध्यक्ष शांति देवी, सुशीला देवी, सुजीत कुमार, महेंद्र कुमार, राजकुमारी, सीता देवी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के दोषी रविंद्र मौर्या को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** सात वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी रविंद्र मौर्या को 10 वर्ष की कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 16 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय पीड़िता ने राबर्ट्सगंज थाने में 22 दिसंबर 2016 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि जुलाई 2016 को उसे बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर रविंद्र मौर्या पुत्र श्रीनाथ मौर्य निवासी सिंदूरी, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र अपहरण कर गुजरात भगा ले गया। जहां पर उसे दो माह तक पत्नी की



तरह रखा था और शारीरिक संबंध भी बनाता रहा। उसके बाद अपने घर ले आया और यहां भी चार माह तक पत्नी की तरह रखा था और शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में उसे गाली देकर भगा दिया। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी रविंद्र मौर्या को 10 वर्ष की कैद एवं 20 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 16 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

# पाक्सो एक्ट दोषी राजकुमार को ४ वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पांच वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के साथ हुए छेड़खानी के



मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार उर्फ कल्लू को 4 वर्ष की कैद एवं 16 हजार 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 13 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक करमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने करमा थाने में 14 नवंबर 2018 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि 13 नवंबर 2018 को दोपहर 12 बजे उसकी नाबालिग लड़की दुकान पर कपड़ा लेने गई थी, जहां राजकुमार उर्फ कल्लू पुत्र नंदलाल निवासी सिरसिया ठकुराई, अकड़ी थाना करमा, जिला सोनभद्र छेड़खानी करने लगा। जब बेटी रोती हुई घर आई और घटना की जानकारी दी तो पूछताछ के लिए राजकुमार के घर गई तो उसने गाली देते हुए धकेल दिया जिससे आंख पर चोटें आई। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजकुमार उर्फ कल्लू को 4 वर्ष की कैद एवं 16 हजार 500 रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 13 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# नपा चेयरमैन शक्ति रसोई का पिता काटकर हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भाजपा सरकार द्वारा सहायता समूह सती बहनों को स्वरोजगार देते हुए उनको एक समाज से जोड़ने का आकार करते में जिला अस्पताल लोहड़ी स्थिति निर्मित शक्ति रसोई का शुभारंभ करते हुए एक योगदान किया गया जिसमें स्वदेशी नाश्ता के साथ स्वदेशी सामग्रियों का प्रयोग करते



हुए इस कड़ी में गुरुवार को जिला अस्पताल लोढी स्थित निर्मित शक्ति रसोई कैंटीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चंद्र यादव सीएमओ अश्वनी कुमार सुरेश कुमार प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डीके सिंह सीएमएस परियोजना अधिकारी राकेश उपाध्याय के नेतृत्व में पिता काटकर शक्ति रसोई कैंटीन का शुभारंभ किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि पीएम मोदी सीएम योगी के नेतृत्व में सहायता समूह की महिलाओं को आगे करते हुए उनके स्वरोजगार व उनको समझ में एक संदेश देने के साथ रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है जिस क्रम हुए मरीज के साथ आम जनमानस को सुविधा दी जाएगी वही परियोजना अधिकारी डूडा राकेश उपाध्याय ने बताया की सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वहां स्वदेशी ज्यादातर सामग्री बनवाया जाएगा जिससे कि आम जनमानस के सेहत को ध्यान में रखते हुए और सस्ती चीजे का सामग्री उपलब्ध हो जिससे कि आने जाने वाले आम नागरिकों मरीज वीवीआइपी सहित सभी लोगों को उसका लाभ मिल सके इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह,विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषदब्रजेश कुमार पटेल, सिटी मिशन प्रबंधक सुमित कुमार, सामुदायिक आयोजक, संजय जयसवाल , मनीष कुमार आकाश रावत सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# सदर कोतवाली क्षेत्र के कम्हरि खुरमा गांव का मामला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कम्हरि खुरमा गांव शुक्रवार की



सुबह निर्मला दिन भवन कार्य के दौरान पैर फिसलने से नीचे कर 50 युवक की हुई मौत।पुलिस के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अक्छोर गांव निवासी राम सिंह 50 वर्ष पुत्र नारायण राजगीर मिस्त्री का कार्य करते हैं जो गुरुवार को भी रोज की बात सदर कोतवाली क्षेत्र के गुरमा गांव में निर्मला दिन मकान में कार्य कर रहे थे इसी दौरान पैर फिसल हुआ नीचे गिर पड़े आसपास के लोगों द्वारा आनंद आनंद में जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान उन्हें अमृत घोषित कर दिया उधर चिकित्सकों की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी पुलिस के सूचना पर परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि अभी किसी प्रकार से परिजनों द्वारा कोई एप्लीकेशन नहीं दिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# बंगाल के पूर्व क्रिकेटर ने क्लब क्रिकेट के मैच में फिक्सिंग का लगाया आरोप, बल्लेबाजों के आउट होने के तरीकों पर उठाए सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने कोलकाता क्लब क्रिकेट के सुपर डिवीजन के एक मैच में फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर टाउन क्लब और मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के बीच पिछले दिनों हुए एक मैच का वीडियो फुटेज अपलोड कर मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कुछ बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके पर प्रश्न उठाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज रहे श्रीवत्स गोस्वामी ने पिछले साल अक्टूबर में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लिया था। वे 2008 में विराट कोहली के नेतृत्व में अंडर-19 वर्ल्डकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।सोशल मीडिया पर टाउन क्लब और मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के बीच पिछले दिनों हुए एक मैच का वीडियो फुटेज अपलोड कर मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कुछ बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके पर प्रश्न उठाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज रहे श्रीवत्स गोस्वामी ने पिछले साल अक्टूबर में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लिया था। वे 2008 में विराट कोहली के नेतृत्व में अंडर-19 वर्ल्डकप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।मैच में टाउन क्लब ने पहली पारी में 446 रन बनाए थे। वीडियो फुटेज मोहम्मडन स्पोर्टिंग की पहली पारी का है। इसमें पहले बल्लेबाज संबित राय स्टंप आउट होते दिख रहे है। उसके

बाद कप्तान दीप चटर्जी क्लीन बोल्ड होते नजर आ रहे हैं। इसी तरह कुछ और बल्लेबाज आसानी से अपना विकेट गंवाते दिख रहे हैं। श्रीवत्स का कहना है कि इन बल्लेबाजों के खेलने के तरीके से ही लग रहा है कि वे जान-बूझकर आउट हुए हैं।श्रीवत्स का इशारा बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) के संयुक्त सचिव देबब्रत दास की ओर बताया जा रहा है। मालूम हो कि टाउन क्लब देवब्रत दास का है। देवब्रत पर पहले भी आरोप लगते आए हैं। उन पर अपने क्लब के खिलाड़ियों को बंगाल रणजी टीम में शामिल कराने का भी आरोप लग चुका है। अंदरखाने खबर है कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए हरियाणा के हर्षित साहनी नामक खिलाड़ी को अपनी टीम में शामिल किया है।इसी को लेकर टाउन क्लब की ओर से मोहम्मडन स्पोर्टिंग को मैच अंक छोड़ने के लिए कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर क्लब के प्रभावशाली अधिकारी की ओर से उसके खिलाफ सख्त कदम उठाने की चेतावनी दी गई थी। कैब के नियमों के अनुसार सुपर डिवीजन लीग के मैच की पहली पारी में बढ़त हासिल करने वाली टीम को सात अंक मिलते हैं।इस मामले पर कैब और दोनों क्लब के अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है। दूसरी तरफ कोलकाता क्लब क्रिकेट से जुड़े कुछ लोग दबे शब्दों में कह रहे हैं कि मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कुछ खिलाड़ियों को टाउन क्लब में शामिल होने का आफर दिया गया है।

# पवन नेगी ने किया कमाल, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में पवन नेगी बेहतरीन फॉर्म में हैं।

गुरुवार को छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के खिलाफ 54 गेंद पर 83 रन की पारी खेलकर न सिर्फ वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को जीत दिलाई, बल्कि सेमीफाइनल में भी पहुंचा दिया है। यूपी ने यह मुकाबला 16 रन से जीता। सीजन का यह 12वां मुकाबला था।इस मैच में पहले खेलते हुए वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 183 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। पवन नेगी ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और अंत में रजत भाटिया के कैमियो से टीम ने 180 रन का आंकड़ा पार किया। भाटिया ने 23 गेंद पर 37 रन की पारी खेली। वहीं छत्तीसगढ़ के लिए गुरकीरत मान और कलीम खान ने 3-3 विकेट झटके।पवन इस मैच में पहले खेलते हुए वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 183 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए। पवन नेगी ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और अंत में रजत भाटिया के कैमियो से टीम ने 180 रन का आंकड़ा पार किया। भाटिया ने 23 गेंद पर 37 रन की पारी खेली। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए गुरकीरत मान और कलीम खान ने 3-3 विकेट झटके।184 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने खूब लड़ाई की और अंतिम ओवर में जीत के लिए 19 रन चाहिए थे।

# ईशान और श्रेयस को बाहर कर सही फैसला लिया बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि बीसीसीआई ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर के केंद्रीय अनुबंध को समाप्त करके सही निर्णय लिया है। बुधवार को जारी हुई बीसीसीआई की सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से दोनों को बाहर कर दिया है।बीसीसीआई ने एक बड़े फैसले तहत दोनों ही खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया है। जबकि दोनों ही खिलाड़ी पिछले साल समाप्त हुए वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। ईशान किशन ने आखिरी बार नवंबर 2023 में भारत के लिए खेला था। जबकि अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हिस्सा लिया था।रेवस्पोर्ट्स से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा कि किशन और अय्यर पर बीसीसीआई का फैसला सही था। उन्होंने जोर देकर कहा कि अनुबंधित खिलाड़ियों के खेलने की उम्मीद है। अय्यर ग्रेड बी अनुबंध का हिस्सा थे, जबकि किशन पिछले सीजन में ग्रेड सी सूची में थे।

# धर्मशाला में रोहित शर्मा इस दिग्गज भारतीय खिलाड़ी को पीछे छोड़ना चाहेंगे अंग्रेज गेंदबाजों की उधेड़नी पड़ेगी बखिया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां व अंतिम टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने पहले ही सीरीज अपने कब्जे में कर रखी है। टीम इंडिया की कोशिश धर्मशाला टेस्ट जीतकर सीरीज एकतरफा अंदाज में जीतने की होगी।भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है और वो हर हाल में पांचवें टेस्ट में भी इंग्लैंड को मात देना चाहेगी।

इस दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास भी एस खास उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। रोहित शर्मा के पास पूर्व दिग्गज भारतीय बल्लेबाज को पीछे छोड़ने का शानदार मौका है।भारतीय टीम ने मोहम्मद शमी, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में युवाओं पर भरोसा जताया और सकारात्मक नतीजे पाए। सरफराज खान, ध्रुव जुरैल और आकाशदीप ने अपने डेब्यू को सार्थक ठहराया।बहरहाल, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास पांचवें टेस्ट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने का शानदार मौका है। रोहित शर्मा भारतीय बल्लेबाजों द्वारा टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा बनाने के मामले में गौतम गंभीर को पीछे छोड़ना चाहेंगे। रोहित शर्मा के 58 टेस्ट में 4034 रन हैं। उन्हें गंभीर को पीछे छोड़ने के लिए 120 रन की दरकार हैं।गौतम गंभीर के 58 टेस्ट में 4154 रन हैं। रोहित शर्मा की 58 टेस्ट में औसत 44.82 की रही। वहीं, पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज की करियर औसत 41.95 थी। भारतीय टीम ने पहले ही सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना रखी है। मेजबान टीम की कोशिश पांचवें व अंतिम टेस्ट में भी जीत दर्ज करने की होगी।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में कसा शिकंजा, ग्रीन की उम्दा पारी के बाद नाथन लियोन की फिरकी का चला जादू

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन में चल रहे पहले टेस्ट के दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने मैच पर शिकंजा कस लिया है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 383 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी वेग्वल 179 रन पर ऑलआउट हुई।न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार को पहले टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में शिकंजा कस लिया है। कंगारू टीम ने पहली पारी में 383 रन बनाए जिसके जवाब में कीवी टीम की पहली पारी केवल 179 रन पर ऑलआउट हुई। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 204 रन की विशाल बढ़त हासिल की।इस तरह कंगारू टीम को पहली पारी के आधार पर 204 रन की विशाल बढ़त मिली। दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने 8 ओवर में 2 विकेट खोकर 13 रन बनाए और उसकी

कुल बढ़त 217 रन हुई। स्टंप्स के समय उस्मान ख्वाजा (5) और नाइट वॉचमैन नाथन लियोन (6) रन बनाकर खेल रहे थे।ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 279/9 के स्कोर से आगे बढ़ाई। कैमरन ग्रीन (174ङ) और जोश हेजलवुड (22) ने आखिरी विकेट के लिए 116 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की और कीवी गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाए रखा। इन दोनों ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 10वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी की। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट इतिहास में ग्रीन-हेजलवुड ने 10वें विकेट की चौथी सबसे बड़ी साझेदारी की।मैट हेनरी ने जोश हेजलवुड को रचिन रवींद्र के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का अंत किया।

# 112 साल का इतिहास पलटना चाहेगी 'रोहित की पलटन', धर्मशाला में उड़ानी होगी 'बैजबॉल' की धज्जियां

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया ने 3-1 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट टेस्ट में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से मात देकर सीरीज पर कब्जा जमाया।भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट 7 मार्च से धर्मशाला के मैदान पर खेला जाएगा। इस मैच में अगर टीम इंडिया जीत हासिल कर लेती है तो वह सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लेगी। इस दौरान 112 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में ऐसा दूसरी बार होगा जब कोई टीम 5 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हारने के बाद सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लेगी। इस दौरान 112 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में ऐसा दूसरी बार होगा जब कोई टीम 5 मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला हारने के बाद सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर ले।इससे पहले साल 1912 में इंग्लैंड टीम ने ही यह कारनामा किया था। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में अब तक ऐसा तीन बार हो चुका है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने ये कारनामा साल 1897-98 और 1901-02 में किया था और इंग्लैंड ने 1912 में ऐसा कमाल किया।इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी, जिन्हें राची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनके अलावा केएल राहुल का पांचवां टेस्ट खेल पाना मुश्किल है, क्योंकि उन्हें प्रैक्टिस करते हुए दाएं क्वाड्रीशेप्स में सूजन महसूस हुई। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट खेला था, लेकिन इसके बाद से वह बाहर चल रहे हैं।

# धोनी के स्तर तक पहुंच सकता है ये भारतीय खिलाड़ी पूर्व कप्तान ने की भवियवाणी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरैल ने इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में अपनी ऑलराउंड शैली से काफी प्रभावित किया। ध्रुव जुरैल ने पहली पारी में पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम की नैया पार लगाई और फिर दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ भारत को जीत दिलाकर दम लिया।भारतीय टीम के पूर्व टेस्ट कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि ध्रुव जुरैल में एमएस धोनी के स्तर तक पहुंचने की क्षमता नजर आती है। ध्रुव जुरैल के रांची में इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से प्रभावित होकर अनिल कुंबले ने यह बयान दिया। बता दें कि ध्रुव जुरैल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए रांची टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।ध्रुव जुरैल को दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन के लिए रांची में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बता दें कि जुरैल ने चौथे टेस्ट की पहली और दूसरी पारी में क्रमशः 90 व 39 रन बनाए। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने ध्रुव जुरैल की तारीफ

करते हुए कहा कि उनमें अगला एमएस धोनी बनने की क्षमता है। यह तुलना तब शुरू हुई जब राजकोट टेस्ट में जुरैल ने बेन डकेट को दूसरी पारी में शानदार अंदाज में रन आउट किया था।सुनील गावस्कर ने जियो सिनेमा से बातचीत में कहा, ''ध्रुव जुरैल ने स्थिति के मुताबिक जिस तरह अपने दिमाग का उपयोग किया, उससे मुझे लगा कि वो अगले एमएमस धोनी बन सकते हैं।'' अब अनिल कुंबले भी जुरैल की तारीफों के पुल बांधते हुए नजर आए। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने कहा कि जुरैल में प्रतिभा है कि वो एमएस धोनी जैसा बड़ा कमाल कर सकते हैं।

# रोहित शर्मा को भी खेलना चाहिए रणजी, पूर्व भारतीय क्रिकेटर का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट के जारी होने के बाद से भारतीय क्रिकेट में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। इस बहस का केंद्र ईशान किशन और श्रेयस अय्यर हैं। दोनों को घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेने के चलते सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया है। इस पर पूर्व भारतीय क्रिकटर कीर्ति आजाद ने बड़ा बयान दिया है।कीर्ति आजाद का मानना है कि भारत के अनुवभी खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना चाहिए। कीर्ति आजाद का यह बयान उस वक्त आया जब बीसीसीआई ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया। इससे पहले किशन ग्रेड सी और श्रेयस अय्यर ग्रेड बी का हिस्सा रहे थे।कीर्ति आजाद का मानना है कि भारत के अनुवभी लेना चाहिए। कीर्ति आजाद का यह बयान उस वक्त आया जब बीसीसीआई ने नए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट

खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा को भी घरेलू क्रिकेट में हिस्सा से ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया।

# वह आईपीएल खेलने के लिए बेसब्री से इंतजार इस खिलाड़ी को लेकर गांगुली ने कही बड़ी बात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी की हर कोई उम्मीद कर रही है। कार दुर्घटना के के बाद से वह भी वापसी के लिए बेताब दिखे हैं। अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली के बयान ने फैंस के बीच खलबली मचा दी हैदिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा है कि वह पंत की टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं। रेवस्पोर्ट्ज से बात करते हुए गांगुली ने कहा है कि पंत खुद आईपीएल 2024 एक्शन में वापसी करना चाहते हैं और अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। गांगुली ने कहा कि वह आश्वस्त हैं कि पंत वापसी करेंगे।दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा है कि वह पंत की टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं। रेवस्पोर्ट्ज से बात करते हुए गांगुली ने कहा है कि पंत खुद आईपीएल 2024 एक्शन में वापसी करना चाहते हैं और अपनी फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं।भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिसंबर 2023 में आईपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स के साथ मौजूद थे। कार दुर्घटना के बाद से पंत ने वापसी को लेकर बहुत मेहनत की है। उन्होंने फैंस की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए समय-समय पर अपने रिहैब का वीडियो सोशल मीडिया

पर शेयर करते रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 में दमदार शुरुआत करने कोशिश करेगी।

**इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।**

**इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के**

**मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी**

**सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना**

**सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में**

**इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में**

**नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों**

**इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।**

**नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।**

**परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव**

**मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।**

**पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।**

# सम्पादकीय

## चार मैच और इंटरनेशल रैंकिंग में 57वे पायदान की छलांग

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले यशस्वी जायसवाल की इंटरनेशनल रैंकिंग 69 थी, जो चार मैचों के बाद 12 पर पहुंच चुकी है। पिछले चार टेस्ट मैचों में यशस्वी ने 655 रन बनाए हैं।बाएं हाथ के धुरंधर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भारतीय क्रिकेट की नई रन मशीन बनकर उभरे हैं। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में चार मैचों में यशस्वी ने

न केवल दो दोहरी शतकीय पारी खेली, बल्कि राजकोट टेस्ट मैच में उन्होंने पूर्व धाकड़ बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की बराबरी भी कर ली। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से पहले यशस्वी जायसवाल की इंटरनेशनल रैंकिंग 69 थी, जो चार मैचों के बाद 12 पर पहुंच चुकी है।पिछले चार टेस्ट मैचों में यशस्वी ने 655 रन बनाए हैं। आगामी पांचवें टेस्ट में यशस्वी के पास सुनील गावस्कर के एक टेस्ट सीरीज में 774 रन के 53 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका भी रहेगा। यशस्वी के मौजूदा फॉर्म को देखकर कहा जा सकता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे मंझे हुए बल्लेबाजों के बाद भी भारतीय टीम सुरक्षित हाथों में रहेगी।यशस्वी जायसवाल ने भारत-इंग्लैंड सीरीज के पहले मैच में 80 व 15, दूसरे टेस्ट में 209 व 17, तीसरे टेस्ट मैच में 10 व 214 और चौथे टेस्ट में 73 व 37 रन बनाए। राजकोट टेस्ट मैच में तो उन्होंने 90.67 की स्ट्राइक रेट से 214 रन बनाए और वीरेंद्र सहवाग के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए।सहवाग ने ये करिश्मा वर्ष 2006 में पाकिस्तान, वर्ष 2008 में साउथ अफ्रीका और वर्ष 2009 में श्रीलंका के खिलाफ किया था। जायसवाल ने टेस्ट मैच की एक पारी में भारत के लिए सर्वाधिक 12 छक्के लगाने का भी रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू के आठ छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ा है। जायसवाल की टेस्ट मैचों में रन बनाने की गति को उनके आंकड़ों से यूं समझ जा सकता है कि मात्र 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में उन्होंने 971 रन बना दिए हैं। उनका औसत 68.91 है, जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। वो कितनी तेजी से बाउंड्री निकालते हैं, यह इस बात से पता चलता है कि उन्होंने 15 पारियों में 103 चौके और 26 छक्के लगाए हैं।जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत भारत ने राजकोट टेस्ट में इतिहास की सबसे बड़ी जीत भी दर्ज की थी। इंग्लैंड को 434 रनों से हराया, जबकि इससे पहले भारत की सबसे बड़ी जीत वर्ष 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई थी, जब उसने न्यूजीलैंड को 372 रनों से हराया था।भारत ने वर्ष 2015 में साउथ अफ्रीका को 337 रन, वर्ष 2016 में न्यूजीलैंड को 321 रन और वर्ष 2008 में ऑस्ट्रेलिया को 320 रनों से शिकस्त दी थी।यशस्वी जायसवाल की कहानी हम सबको पता है कि कैसे वो मात्र 12 साल की उम्र में उत्तर प्रदेश से मुंबई आ गए थे। बेहद कठिन परिस्थितियों में उन्होंने अपने क्रिकेट करियर को बनाया। यहां तक ठेले पर गोलगप्पे बेचे और मैदान पर रात को कई बार उन्हें सोना पड़ा, लेकिन मात्र 22 साल के यशस्वी जायसवाल ने न केवल खुद को साबित किया है, बल्कि वो अब टीम इंडिया के विराट कोहली जैसे स्तंभ बन गए हैं।22 साल की उम्र में सर्वाधिक चार दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन के नाम है, जबकि तीन दोहरे शतक दक्षिण अफ्रीका के ग्रैम स्मिथ ने लगाए थे। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल के अलावा विनोद कांबली ने 22 साल की उम्र में दो दोहरे शतक लगाए थे, जिस तरह से यशस्वी जायसवाल आगे बढ़ रहे हैं तो लग रहा है कि वो कई बड़े कीर्तिमान स्थापित करने वाले हैं।भारत के लिए अगर वो अगले 10 साल तक यूं ही खेलते रहे तो सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली की तरह वो रनों का अंबार लगा देंगे।

# बुजुर्ग बाइडन की बेचारगी बनाम ट्रम्प से 'महामानव' जैसी उम्मीदें

एक राष्ट्रपति, जो मैक्रों को मिटरैंड और मर्केल को कोह्ल समझ लेते हैं और उस आतंकी संगठन तक का नाम भूल जाते हैं, जिसके साथ इस्राइल गाजा में लड़ रहा है, मुमकिन है कि याददाश्त संबंधी समस्याओं से जूझ रहा हो। लेकिन दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति की ये व्यक्तिगत समस्याएं क्या वाकई इतनी सामान्य हैं?जब एक बड़े अमेरिकी नेता (जो बाइडन) के लिए कुछ भी ठीक न हो रहा हो, तब उसे धर्म (बाइबिल) की शरण में जाना ही पड़ता है। ऐसा करना उनकी मजबूरी भी है, क्योंकि उनकेधर्म में ऐसे लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जो उनके विरोधी (डोनाल्ड ट्रंप) को ईश्वर की पसंद बता रहे हैं। वृद्धावस्था के स्वाभाविक लक्षणों से जूझ रहे बाइडन को उन किताबों में ही सांत्वना मिल सकती है, जो बुढ़ापे को जीवन के गौरवशाली शिखर के रूप में स्थापित करती हैं। खुद अमेरिकी राष्ट्रपति के न्याय विभाग द्वारा नियुक्त किए गए विशेष जांच अधिकारी ने ओबामा प्रशासन छोड़ने के बावजूद आधिकारिक दस्तावेजों के उनके पास होने की जांच की, पर उन्हें दोषी नहीं पाया। हां, जांच अधिकारी ने बेहद विनम्रतापूर्वक उनकी मानसिक तीक्ष्णता पर संदेह जरूर प्रकट किया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति नेक इरादे वाले बुजुर्ग व्यक्ति हैं, जिनकी याददाश्त कमजोर है और बुढ़ापे में उनकी क्षमताएं भीकुछ कमजोर हुई हैं।'एक राष्ट्रपति, जो मैक्रों को मिटरैंड और मर्केल को कोह्ल समझ लेते हैं और उस आतंकी संगठन तक का नाम भूल जाते हैं, जिसके साथ इस्राइल गाजा में लड़ रहा है, मुमकिन है कि याददाश्त संबंधी समस्याओं से जूझ रहा हो। लेकिन दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्रपति की ये व्यक्तिगत समस्याएं क्या वाकई इतनी सामान्य हैं?आप कभी-कभार हैरान-सी दिखने वाली उनकी मुख-मुद्रा को देखिए या फिर प्रेस कान्फ्रेंस में उनके तौर-तरीके व उनकी फिटनेस को देखिए, ये सब दूसरे कार्यकाल के लिए उनकी पात्रता के बारे में सार्वजनिक चिंताओं को बढ़ाते हैं, जिसके अंत में वह 86 वर्ष के हो जाएंगे। शारीरिक भाव-भंगिमाओं से वह खुद को युवा दिखाने की कोशिश जरूर करते हैं, लेकिन जो चीजें स्वाभाविक रूप से भीतर से आ रही हों, उन्हें क्या कहें? एक लेखक कहते हैं कि जो बाइडन को अपने सामने देखकर ऐसा लगता है कि वह किसी प्रतिमा में तब्दील हो रहे हैं।क्या यह अमेरिकी स्वप्न का धूमिल होना है, क्योंकि 2024 का चुनाव, जिस पर सबसे ज्यादा लोगों की नजर होगी, दो बुजुर्गों के बीच होने वाली प्रतियोगिता बन गई है? 77 साल के डोनाल्ड ट्रंप अपेक्षाकृत युवा प्रतिद्वंद्वी हैं। लेकिन तमाम सर्वेक्षण, रिपब्लिकन और व्यापक रूप से जनता उनकी उम्र को लेकर कम चिंतित दिखाई देती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह प्रतीत होता है कि बढ़ती उम्र ने उनके गुस्से को और बढ़ा दिया है, जिससे वह परंपरागत राजनीति को रौंदने वाले महामानव ज्यादा दिखने लगे हैं। दूसरी ओर, बाइडन के अपने उदार प्रशंसक हैं, जो तर्क दे सकते हैं कि शारीरिक-मानसिक कमजोरियां भले उनकी सार्वजनिक मौजूदगी में दिखती हों, पर इनका राष्ट्रपति के रूप में उनके कर्तव्यों के निर्वहन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कहने का तात्पर्य यह कि राजनीति और शासन में कुछ चीजें अंदरखाने में चलती हैं, इसलिए इस मामले में चुप्पी ही श्रेष्ठ है। लेकिन इस तर्क में दुनिया के सबसे ताकतवर राजनेता की शारीरिक-मानसिक कमजोरी के अलावा एक गंभीर लोकतांत्रिक हताशा भी छिपी है।बाइडन की पार्टी खुद उनसे पीड़ित है, क्योंकि वह ट्रंप नहीं हैं। दूसरी ओर, रिपब्लिकन बेहद गुस्से वाले ट्रंप को नाराज करने से बहुत डरते हैं। बाइडन ने अपने सांस्कृतिक इतिहास से सबसे बुद्धिमान व्यक्ति को अपनाया, तो झोंगनानहाई के प्राचीन साथियों को जीवंतता की अतिरिक्त खुराक मिल गई। हालांकि कन्फ्यूशियस ने कभी सार्वजनिक मंच नहीं छोड़ा। माओ जब मार्क्स से मिलने के लिए रवाना हुए, तब वे 82 वर्ष के थे। माओ के बाद सबसे प्रभावशाली चीनी देंग जियाओपिंग ने, जो सांस्कृतिक क्रांति के बाद भी बचे थे, जब मंच छोड़ा, तो 92 वर्ष के थे।जाहिर है कि बुढ़ापे ने इन महान व्यक्तियों की गति कभी धीमी नहीं की। इनकी सक्रियता शारीरिक की चौंका देने वाली बेतरतीबी औरट्रंप का कच्चा यथार्थवाद एक पुरानी कहावत की सीमा को उजागर करता है कि जितना अधिक शरीर बूढ़ा होता है, आप उतने ही समझदार होते हैं।यह कहावत दरअसल पूर्व से ली गई है, जहां बुद्धिमान लोग हमेशा एक खास क्षेत्र के माने जाते थे। जब चीनी साम्यवाद बंधनों के बावजूद बनी रही। इतिहास बताता है कि क्रांतियां तभी परिपक्व होती हैं, जब उन्हें पुराने क्रांतिकारियों द्वारा पोषित किया जाता है। जाहिर है कि उम्र का अपना महत्व होता है और पूर्व ने इस चीज को हमेशा महत्व दिया है। वह हमेशा से ही बुद्धिमान बुजुर्गों का पक्षपाती रहा।हमारे देश में बाइडन जैसी स्थिति पैदा नहीं हुई। जब मोरारजी देसाई अमेरिकी राष्ट्रपति की मौजूदा उम्र 81 वर्ष में देश के प्रधानमंत्री बने, वह भारतीय राजनीति के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति तो थे ही, कांग्रेस-विरोधी लहर की पहली पंक्ति के राजनेता भी थे। उनके पास स्वस्थ रहने के अपने स्वदेशी तरीके थे। लेकिन उन्होंने कभी भी जयप्रकाश नारायण को जगजीवन राम समझने की भूल नहीं की। उनके उत्तराधिकारी बनने वाले चौधरी चरण सिंह का प्रधानमंत्री बनने का सपना जब पूरा हुआ, तब वह उनसे मात्र चार वर्ष छोटे थे, जो 77 वर्षीय ट्रंप से कुछ हीमहीने कम थे। 81 साल की उम्र में अपने सपनों का पीछा करने वाले आडवाणी के रास्ते में बाधा बनकर उम्र खड़ी नहीं हुई, बल्कि एक 'यात्रा' थी, जिसने उन्हें विफल बना दिया। शायद हमने आदर्शवादियों की अपेक्षा अनुभवी लोगों को प्राथमिकता दी।हो सकता है कि जैविक उम्र को हराने के विज्ञान की शुरुआत पूर्वी परंपराओं में हुई हो। हमने लंबे समय तक जीने के लिए अपने सिर के बल खड़े होना, सांस रोकना और मोर की तरह मुद्रा बनाना सीख लिया है। तो क्या बाइडन की शारीरिक-मानसिक समस्याओं का कोई सांस्कृतिकपहलू है? यह लोकतांत्रिक 'कॉफेफे' का मामला हो सकता है। इस शब्द का इस्तेमाल एक बार ट्रंप ने टाइपिंग की गलती से 'कवरेज' के लिए किया था। अगर यह बात जो बाइडन ने कही होती, तो जाहिर है ।

# चुनावी वर्ष में रियल एस्टेट की चमक से रोजगार बढ़ने और अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद

प्रॉपर्टी की वैश्विक सेवा कंपनी जेएलएल के मुताबिक, पिछले साल हर तिमाही में औसतन 65,000 इकाइयां बिकीं और पहले नौ महीनों में 2,23,905 लॉन्च हुए, जो एक रिकॉर्ड है। यह संख्या साल के अंत तक लगभग 2,80,000 रही होगी। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा रहा है कि इस साल कुल 2,90,000 आवासीय इकाइयां लॉन्च हो सकती हैं। वर्ष 2023 में 2,23,905 लॉन्च हुए, जो एक रिकॉर्ड है। यह संख्या साल के अंत तक लगभग 2,80,000 रही होगी। इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा रहा है कि इस साल कुल 2,90,000 आवासीय इकाइयां लॉन्च हो सकती हैं। जेएलएल का कहना है कि होम लोन ब्याज दरों के ज्यादा होने तथा महंगाई में बढ़ोतरी के बावजूद ग्राहक नई इकाइयों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अब काफी बिक रहे हैं।जिस गंभीरता से निवेशक रियल एस्टेट में धन लगा रहे हैं, उससे पता चलता है कि उनका भरोसा कायम है। रियल एस्टेट में सरकारी पहल के अलावा, टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, विदेशी करार वगैरह इसे मजबूत बना रहे हैं। नई टेक्नोलॉजी के कारण अब स्मार्ट होम धड़ल्ले से बन रहे हैं। नए उपकरणों से ऊंचे-ऊंचे मकान कम समय में तैयार हो जाने से वेयर हाउसिंग में भी तेजी आएगी। बंगलूरू, चेन्नई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, मुंबई-ये वे शहर हैं, जहां कमर्शियल स्पेस की मांग बढ़ी है और 2024 में भी बढ़ती रहेगी।हालांकि 2024 चुनावी वर्ष है। इसके बावजूद उम्मीद है कि अर्थव्यवस्था छह फीसदी से भी ज्यादा रफ्तार से बढ़ेगी। इस भरोसे से रियल एस्टेट को गति

सही मायनों में रियल एस्टेट का साल था और वर्षों बाद उसने अपनी चमक बिखेरी। यह चमक इस साल भी बरकरार है। लगातार रियल एस्टेट कंपनियों के नए लॉन्च की खबरें सामने आ रही हैं। पिछले साल देसी-विदेशी निवेशकों ने इसमें जमकर पैसा लगाया, जिसका असर भी दिखा। आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले साल कुल 5.1 अरब डॉलर का निवेश इस क्षेत्र में हुआ। इनमें से दो अरब डॉलर से भी ज्यादा रकम जमीन की खरीद में लगाई गई, यानी इस साल या अगले साल उनमें निर्माण कार्य होंगे। इससे बड़े पैमाने पर इस क्षेत्र में रोजगार मिलने की उम्मीद जताई जा सकती है।प्रॉपर्टी की वैश्विक सेवा कंपनी जेएलएल के मुताबिक, पिछले साल हर तिमाही में औसतन 65,000 इकाइयां बिकीं और पहले नौ महीनों यदि रिजर्व बैंक अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करेगा, तो उसका असर मकानों तथा व्यावसायिक संपत्ति की खरीद पर भी पड़ेगा।वर्ष 2023 में एक और बात देखने में आई कि ग्राहक बन रहे मकानों में भी निवेश कर रहे हैं। यह एक अच्छा ट्रेंड है, जो बताता है कि आने वाले समय में मकानों की बिक्री लगातार बढ़ेगी। इसके अलावा, महंगे और लग्जरी सेगमेंट के मकानों की बिक्री खूब बढ़ी है। डेढ़ करोड़ रुपये की कीमत तक के मकानों की बिक्री में 22 फीसदी तथा लग्जरी मकानों, जो तीन करोड़ रुपये से भी ज्यादा कीमत के हैं, की बिक्री में 83 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह देश की बेहतर आर्थिक स्थिति का संकेत है। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम के अलावा नोएडा में भी महंगे मकान हो रहे हैं। ऐसे मकान बनाना भी संभव हो गया है, जहां ऊर्जा की खपत कम होती है और ग्राहकों को ये पसंद भी आते हैं।अंतरराष्ट्रीय एजेंसी केपीएमजी का कहना है कि 2024 भारतीय रियल एस्टेट के लिए एक उत्साहपूर्ण वर्ष होगा और पिछले साल की तुलना में 10 से 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी और आवासीय सेक्टर में तीन लाख यूनिट बिक सकते हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में ऑफिस स्पेस की जो मांग कोविड के कारण घट गई थी, अब तेजी से बढ़ रही है तथा आगे और बढ़ने की उम्मीद है। अब न केवल वर्क प्लेस की मांग बढ़ी है, बल्कि मॉल तथा शॉपिंग कॉम्पलेक्सों की भी। यानी आने वाले समय में कमर्शियल रियल एस्टेट को और भी बढ़ावा मिलेगा। ई-कॉमर्स तथा लॉजिस्टिक्स में भी गतिविधियां तेज मिलती है। तेजी से शहरीकरण के चलते नई पीढ़ी अब रियल एस्टेट में दिलचस्पी ले रही है। इससे यह संभावना दिख रही है कि न केवल 2024 में, बल्कि आगे भी रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी आएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि 2025 में रियल एस्टेट क्षेत्र का आकार 650 अरब डॉलर का होगा, जो देश की प्रगति में हाथ बंटाएगा। रियल एस्टेट का देश के कुल जीडीपी में 7.3 फीसदी का हिस्सा है और यह रेलवे के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है। इससे सरकार को टैक्स के रूप में बहुत बड़ी राशि मिलती है। इसके विकास से लोहा, सीमेंट, फर्निशिंग के सामान, बिजली के सामान, सैनिटरी गुड्स वगैरह उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# दो दशकों में ५० फीसदी तक बढ़ सकते हैं मामले, पुरुषों में खतरा अधिक

ओरल कैंसर, मुंह की एक घातक बीमारी है जो जीभ, अंदरूनी गाल, ऊपरी और निचले जबड़े के हिस्से को प्रभावित करती है। मुंह के कैंसर के शुरुआती चरण दर्द रहित और लक्षणहीन होते हैं, इसलिए उनका निदान करना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2020 से 2040 तक मुंह के कैंसर (ओरल कैंसर) की घटनाएं 50.7ज़ तक बढ़ सकती हैं। ओरल कैविटी कैंसर के अनुमानित मामले 60 लोगों में से एक में हो सकते हैं।वाराणसी में, पीबीसीआर के आंकड़ों के अनुसार, ओरल कैविटी पुरुषों में कैंसर का प्रमुख कारण है, जो लगभग 40ज़ कैंसर के लिए जिम्मेदार है, जबकि महिलाओं में यह 6ज़ है। कैंसर के हर तीन में से एक मामला मुंह के कैंसर का हो सकता है। जिले में 48 में से 1 पुरुष को मुंह का कैंसर होने का खतरा है। ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों (प्रति 100,000 जनसंख्या पर 22.4) में कैंसर की घटना दर 38ज़ अधिक है। इस अंतर को जीवनशैली, खान-पान की आदतों और स्वास्थ्य सुविधाओं तक आसान पहुंच के कारण अधिक निदान के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।मुंह का कैंसर क्या है?ओरल कैंसर, मुंह की एक घातक बीमारी है जो जीभ, अंदरूनी गाल, ऊपरी और निचले जबड़े के हिस्से को प्रभावित करती है। यह अधिकतर मौखिक म्यूकोसा के कार्सिनोजेनिक पदार्थों के संपर्क में आने के कारण बनता है।वाराणसी में इस कैंसर का प्रमुख कारण चबाने वाली तंबाकू (खैनी/सूरती) और सुपारी है। निष्कर्षों से पता चलता है कि जो लोग शराब और तंबाकू दोनों का सेवन करते हैं उनमें मुंह के कैंसर का खतरा उन लोगों की तुलना में 8 गुना अधिक होता है जो दोनों का सेवन नहीं करते हैं। सिगरेट-बीड़ी पीना और सुपारी या पान चबाना भी उतना ही हानिकारक है। कुछ अन्य कारणों में एचपीवी वायरस, खराब फिटिंग वाले डेन्चर शामिल हैं।चूंकि मुंह के कैंसर के शुरुआती चरण दर्द रहित और लक्षणहीन होते हैं, इसलिए उनका निदान करना बहुत चुनौतीपूर्ण हो जाता है। सभी संभावित उपचारों को पूरा करने और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों का पालन करने के बाद भी, सफलता (पांच साल तक जीवित रहने) की संभावना कम रहती है। कई कैंसर पीड़ित उच्च स्तर की विकृति और दर्द के कारण मौत का शिकार भी हो जाते हैं। कुछ मरीज जो शुरू में ठीक हो जाते हैं उन्हें बाद की उम्र में कैंसर की पुनरावृत्ति का अनुभव हो सकता है।मुंह के कैंसर आमतौर पर, घाव (शुरुआती लक्षण) सफेद घाव (ल्यूकोप्लाकिया) या लाल घाव (एरिथ्रोप्लाकिया), मुंह में जलन (लाइकेन प्लेनस), मुंह खोलने में परेशानी (ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस) और ठीक न होने वाले अल्सर पैदा कर सकता है। एक बार कैंसर के घातक होने पर मुंह, चेहरे के हिस्से में अनियमित वृद्धि/घाव/ठीक न होने वाले अल्सर को स्पष्ट देखा जा सकता है। ये गर्दन के लिम्फ नोड्स में भी सूजन का भी कारण बन सकती है।मौखिक कैंसर का निदान आमतौर पर परीक्षण (विजुअल एग्जामिनेशन)द्वारा किया जाता है, यह मौखिक कैंसर के निदान का एक बहुत ही लागत प्रभावी तरीका है। क्लीनिकल निदान की पुष्टि करने के लिए डॉक्टर बायोप्सी करते है, जिसमें लोकल एनेस्थीसिया देकर मुंह के प्रभावित क्षेत्र का एक छोटा सा टुकड़ा लेना और माइक्रोस्कोप से इसकी जांच करना शामिल है। यदि कैंसर के निदान की पुष्टि हो जाती है तो रोगी को सीटी स्कैन, एमआरआई या पीईटी स्कैन जैसी आगे की जांच की आवश्यकता हो सकती हैसर्जरी प्रमुख उपचार है जिसके बाद उन्नत मामलों में रेडिएशन और कीमोथेरेपी जैसे सहायक उपचार आते हैं।आदत में सुधार, कैंसर के रोकथाम, शीघ्र निदान की कुंजी है। किसी भी सफेद या लाल धब्बे या दर्द रहित अल्सर के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट से सलाह लेनी चाहिए।

# इतना फोड़ूंगी न तुझे मैं दिल्ली मेट्रो में महिलाओं के बीच जमकर चले लात घूंसे और थप्पड़

सोशल मीडिया पर अक्सर दिल्ली मेट्रो में महिलाओं की लड़ाई का वीडियो देखने को मिलता है। सीट के लिए महिलाओं को आपस में लड़े हुए देखा जाता है। अब एक बार फिर महिलाओं की लड़ाई का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि

दो महिलाएं आपस में गाली-गोलौज और मारपीट कर रही हैं। मेट्रो में लोग महिलाओं का बीच-बचाव करने की जगह चुपचाप तमाशा देखत रहे हैं और अपने मोबाइल में लड़ाई का वीडियो बना रहे हैं। मारपीट वाले वीडियो में आप देख सकते हैं कि सीट को लेकर दो महिलाओं के बीच बहस हो रही है। बहस इतनी बढ़ जाती है कि हाथापाई तक मामला पहुंच जाता है। वीडियो में मेट्रो के गेट के पास एक महिला खड़ी है और सीट पर बैठी दूसरी महिला से कहती जिसको तुझे बुलाना है उसे बुला, इतना कहने के बाद वह उस महिला को धक्का दे देती है। इसके बाद दूसरी महिला गेट पर खड़ी महिला को मारने लगती है और उसके कंधे पर थप्पड़ मारती है। फिर जवाब में पहली महिला भी दूसरी को थप्पड़ जड़ देती है। इस दौरान वह कही रही है कि मेरे ऊपर हाथ उठाती है, तू अब जेल में जाएगी। यह कहकर पहली ने दूसरी महिला को फिर से थप्पड़ जड़ देती। फिर दूसरी महिला ने पहली को टांग अड़ाकर गिराने की कोशिश की। इतना फोड़ूंगी न तुझे इसके बाद पहली ने दूसरी को मारने की कोशिश करती है और वह कहती है मैं एक सिंगर हूं। मुझे मारेगी, इतना फोड़ूंगी न तुझे। इसके बाद वह उसे गिरफ्तार करवाने की धमकी देती है। इस लड़ाई का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर ल्हिंतैत्प् नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। इस पर लोग खूब कमेंट्स भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जंगल में अमंगल' गूगल मैप का इस्तेमाल करना पड़ा भारी

अक्सर हम लंबा सफर तय करने से पहले गूगल मैप का इस्तेमाल करते हैं जिससे हम आसानी से अपनी मंजिल पर पहुंच जाए लेकिन दो जर्मन पर्यटकों को गूगल मैप का इस्तेमाल करना भारी पड़ा।गूगल मैप ने एक बार फिर से पर्यटकों को रास्ते से भटका दिया। दो जर्मन पर्यटक फिलिप मैयर और मार्सेल शोएने ने गूगल मैप्स का इस्तेमाल कर रहे थे जिसके बाद दोनों ऑस्ट्रेलियाई जंगल में खो गए। वे दोनो केर्न्स से बामागा तक यात्रा कर रहे थे और एक सुदूर गंदगी वाले रास्ते पर जा पहुँचे जो उन्हें एक बंद राष्ट्रीय उद्यान में ले गया।9न्यूज के अनुसार, दो जर्मन पर्यटक, फिलिप मैयर और मार्सेल शोएने ने गूगल मैप्स का इस्तेमाल कर रहे थे, जिसके बाद दोनों ऑस्ट्रेलियाई जंगल में खो गए।वे दोनों केर्न्स से बामागा तक यात्रा कर रहे थे और एक सुदूर गंदगी वाले रास्ते पर जा पहुँचे जो उन्हें एक बंद राष्ट्रीय उद्यान में ले गया।समाचार आउटलेट के अनुसार, उनकी कार सुनसान ट्रैक पर 37 मील चलने के बाद कीचड़ में फंस गई। कोई फोन सेवा नहीं होने और सीमित आपूर्ति के कारण, उन्हें सुरक्षित जगह तक पहुँचने के लिए अपने वाहन को भी छोड़ना पड़ा और एक सप्ताह से अधिक समय तक पैदल यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ा।इस यात्रा के दौरान उन्हें तूफान, तेज गर्मी और बदलते मौसम की स्थिति का भी सामना करना पड़ा और यहां तक कि उन्हें मगरमच्छों से भरी नदी का भी सामना करना पड़ा।60 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद उनकी गाड़ी फंस जाने से उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ा। पैदल आगे बढ़ने का प्रयास करते हुए, उन्हें

जल्द ही एहसास हुआ कि वे एक गंभीर स्थिति का सामना कर रहे हैं।मैयर ने कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं किसी फिल्म में हूं, किसी खराब फिल्म की तरह, लेकिन इसका अंत सुखद था।मैयर ने आगे कहा कि हमने एक आश्रय स्थल बनाने का प्रयास किया। लेकिन यह वास्तव में अच्छा काम नहीं कर पाया। जिसके बाद हम खुले आसमान के नीचे सोये और इस दौरान पूरे समय बारिश होती रही, लेकिन स्थिति ठीक थी।उन्हें वापस कोएन शहर तक पैदल चलने में एक सप्ताह लग गया।

# यदि मन में शिव की भक्ति हो तो दुनिया में हर काम संभव

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नोएडा।**नोएडा महर्षि महेश योगी संस्थान, महर्षि नगर, नोएडा द्वारा नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा और पार्थिव शिव पूजन का शुभारंभ आज बड़े धूम-धाम से महर्षि नगर स्थित रामलीला मैदान में हुआ। महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष और महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंफार्मेशन टेक्नालॉजी के कुलाधिपति श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा पार्थिव शिव लिंग की स्थापना कर शिव पूजन और श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा और पार्थिव शिव पूजन का शुभारंभ प्रकाण्ड वैदिक पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। भावतीत ध्यान के प्रणेता महर्षि महेश योगी जी के दिव्य आशीर्वाद से नोएडा के सेक्टर 110 में स्थित राम लीला मैदान, महर्षि आश्रम, महर्षि नगर में फाल्गुन मास के शुभ अवसर पर 29 फरवरी से 8 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस शुभ अवसर पर प्रत्येक दिन अपराह्न 4 से 7 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया गया है। इस पावन अवसर पर श्री महाशिव पुराण कथा वाचक के रूप में परम पूज्य, आध्यात्मिक गुरू सद्गुरूनाथ जी महाराज का भक्तों को सान्निध्य प्राप्त हुआ। आज कार्यक्रम के दिन कथा के दौरान गुरूदेव सद्गुरूनाथ जी महाराज ने कहा कि महर्षि महेश योगी भारत की महान आध्यात्मिक विभूतियों में से एक थे। उन्होंने भावातीत ज्ञान योग की खोज कर

उसकी स्थापना की थी। भावातीत ज्ञान योग के माध्यम से उन्होंने सम्पूर्ण विश्व में मानवीय सेवा का जो महत्वपूर्ण कार्य किया, वह बहुत ही अमूल्य है। उन्होंने भारत के साथ सम्पूर्ण विश्व में भावातीत ज्ञान योग के साथ शैक्षिक संस्थाओं की भी स्थापना की थी। उनके द्वारा स्थापित शैक्षणिक संस्थाओं में भारतीय सनातन संस्कृति में धर्म, आध्यात्म के साथ-साथ जीवन के व्यावहारिक मूल्यों की शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने हेतु उनका योगदान सदैव अमर रहेगा। कथा के दौरान गुरूदेव ने कहा कि आप जो सुनते हो, आप जो देखते हो, आप जो चखते हो। सारा प्रभाव शरीर की कामेन्द्रियां द्वारा प्रभावित होती हैं। शरीर की कामेन्द्रियां आपके मन में किसी चीज को खाने, देखने या सुनने की चाह उठती है। इस कण-कण में भगवान शिव व्याप्त हैं। एक पत्ता भी उनके इशारे के बिना नहीं हिलता। इसलिए प्रभु सुमिरन मे अपना ध्यान हमेशा लगाओं।सद्गुरूनाथ जी महाराज की प्रसिद्धि इतनी है कि हर कोई इनके द्वारा सुनाए जा रहे शिवमहापुराण कथा एवं दुःख निवारण शिविर के बार में जानता है। देश के विभिन्न प्रांतों में जहां भी गुरूदेव का आगमन होता है। लोग अपनी समस्या लेकर गुरूदेव के पास पहुंचते हैं और सद्गुरूनाथ जी महाराज किसी को निराश नहीं करते हैं। हर प्रकार की समस्या का समाधान गुरूदेव चुटकी बजाते ही कर देते हैं।

# जी एल बजाज कालेज में उत्पादकता सप्ताह समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नोएडा ।**नोएडा ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएलबी आईएमआर कॉलेज के सेंटर ऑफ सस्टेनेबिलिटी और जीएचआर ओडीसी ने 'उत्पादकता सप्ताह समारोह 2024' के अवसर पर भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एवं राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद और ग्रेटर नोएडा के उत्पादकता परिषद के साथ ठनवीकरणीय ऊर्जा समाधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ताठ विषय पर एक अंतर-कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के बीच आलोचनात्मक सोच को जगाना और इस बात पर चर्चा शुरू करना है कि आर्थिक उत्पादकता को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने के

लिए एआई का उपयोग कैसे किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव नादर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन-स्टूडेंट्स डॉ बालामुर्गन बालुसामी थे और मुख्य वक्ता फेडरेशन ऑफ लोकल प्रोडक्टिविटी काउंसिल्स ग्रेटर नॉएडा के निदेशक और प्रमुख डॉ. आर. डी. मिश्रा थे।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और निदेशक डॉ. सपना राकेश का स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने कहा इस तरह की चर्चा एआई और नवीकरणीय ऊर्जा के एक साथ काम करने की संभावनाओं को प्रदर्शित करती है। उसके बाद मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि ने पत्रिका जेनेसिस का उद्घाटन किया। डॉ. आर.डी. मिश्रा ने नवीकरणीय ऊर्जा और इसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने वक्तव्य में इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत और अन्य देश कार्बन उत्सर्जन के कारण नवीकरणीय ऊर्जा को अपना रहे हैं।डॉ. बालमुर्गन बालुसामी ने एआई के बारे में बात की और पूछा कि क्या एआई ने मानव की जगह ले ली है। उन्होंने एआई की कमियों का भी उल्लेख किया और कहा कि जनसंख्या क्षेत्र के कारण अधिकांश डेटा उत्तरी और दक्षिणी एशिया से उत्पन्न होता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्रत्येक प्रबंधन छात्र को डेटा का विश्लेषण सीखना चाहिए।

# टीएमसी ने संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**कोलकाता।** बंगाल दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखली की घटना को लेकर शुक्रवार को ममता बनर्जी सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने माताओं- बहनों के साथ जो किया उसे देखकर पूरा देश दुखी व आक्रोशित है। हुगली जिले के आरामबाग में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा

कि संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी पीएम ने कहा कि भाजपा नेताओं के लगातार आंदोलन के चलते पुलिस शाहजहां को एक दिन पहले गिरफ्तार करने को बाध्य हुई। मोदी ने पूछा कि आज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री से पूछ रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया पीएम ने संदेशखली घटना पर गठबंधन के नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।उन्होंने कहा कि जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की और ममता दीदी से मदद मांगी तो उन्हें बदले में क्या मिला? मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बंगाल सरकार ने तृणमूल के आरोपित नेता (शाहजहां शेख) को बचाने के लिए जो भी कर सकते थे, अपनी पूरी शक्ति लगा दी। तृणमूल के राज में ये अपराधी नेता करीब-करीब दो महीने तक फरार रहा। कोई तो होगा ना जो उनके बचाता होगा?पीएम ने कहा कि भाजपा नेताओं के लगातार आंदोलन के चलते पुलिस शाहजहां को एक दिन पहले गिरफ्तार करने को बाध्य हुई। मोदी ने पूछा कि आज बंगाल की जनता यहां की मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है कि क्या कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा अहम हो गया है?पीएम ने संदेशखली घटना पर विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन के नेताओं की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे ज्यादा हैरानी इंडी गठबंधन के नेताओं को देखकर होती है।

# 2028 तक कैसा रहेगा देश का चुनाव शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** देश में 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव की दुंदुभी बजने ही वाली है। मार्च के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का एलान कभी भी हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव 7-8 चरणों में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही इसी साल झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं।देश में 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव की दुंदुभी बजने ही वाली है। मार्च के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का एलान कभी भी हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव 7-8 चरणों में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही इसी साल झारखंड महाराष्ट्र और हरियाणा सहित आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं।चार राज्यों ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनाव तो लोकसभा चुनाव के आसपास ही हैं। चुनाव आयोग की ओर से इस बीच जिस तरह के संकेत मिल रहे है, उसके तहत लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 से 12 मार्च के बीच कभी भी हो

चरणों में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही इसी साल झारखंड, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। देश में 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव की दुंदुभी बजने ही वाली है। मार्च के पहले या दूसरे हफ्ते में चुनाव की तारीखों का एलान कभी भी हो सकता है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव 7-8 चरणों में हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही इसी साल झारखंड महाराष्ट्र और हरियाणा सहित आठ राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं।चार राज्यों ओडिशा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के चुनाव तो लोकसभा चुनाव के आसपास ही हैं। चुनाव आयोग की ओर से इस बीच जिस तरह के संकेत मिल रहे है, उसके तहत लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 से 12 मार्च के बीच कभी भी हो सकती है।आपको बता दें कि कम से कम 8 राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल 2024 आम चुनाव के लिए निर्धारित समय से पहले या उसके आसपास समाप्त हो रहा है। जिसमें से पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम और छत्तीसगढ़) में विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होना है. वहीं, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और झारखंड में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ होने की संभावना है।

# असम में सीएए के विरोध में प्रदर्शन करेंगे 30 से अधिक समूह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**गुवाहाटी।** असम में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित 30 से अधिक समूहों ने प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्य यात्रा के दौरान नौ मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे की भूख हड़ताल सहित आंदोलन किया जाएगा।असम में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) सहित 30 से अधिक समूहों ने प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्य यात्रा के दौरान नौ मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे की भूख हड़ताल सहित आंदोलन किया जाएगा।

उत्पल शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं।उत्पल शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई मामले चल रहे हैं, ऐसे में नियम बनाने और सीएए लागू करने की घोषणा लोगों के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने कभी सीएए को स्वीकार नहीं किया है और वे इसे लागू करने के किसी भी कदम का विरोध करेंगे। हम कानूनी लड़ाई के साथ केंद्र के फैसले के विरुद्ध लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रखेंगे।शर्मा ने कहा कि सीएए के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत चार मार्च को होगी और हर जिला मुख्यालय में मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बाद हम इसके खिलाफ हर जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालेंगे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आठ मार्च को जब असम यात्रा पर आएंगे तो आसू और 30 अन्य संगठन उन पांच युवकों की तस्वीरों के समक्ष दीपक जलाएंगे जो 2019 में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे।वहीं, असम में विपक्षी दलों ने सीएए को रद्द करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से हस्तक्षेप करने की मांग की और कहा कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे राज्य भर में लोकतांत्रिक जन आंदोलन करेंगे।

# स्वास्थ्य और महिला उद्यम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए डॉ रश्मि गुप्ता को मिला सम्मान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नोएडा ।**नोएडा फेलिक्स हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता को स्वास्थ्य और महिला उद्यम के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए भारत सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार द्वारा

27 फरवरी को सम्मानित किया गया । उन्हें पुणे के वेस्टिन कोरेगांव पार्क में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । डॉ रश्मि गुप्ता का जन्म उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर उन्नाव में हुआ और उन्होंने अपनी प्राम्भिक शिक्षा भी वही से सरकारी स्कूल से प्राप्त की । मध्यवर्गीय परिवार और लड़की होने की वजह से उन्होंने अपनी शिक्षा दौरान बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। तमाम चुनौतियों के वाबजूद डॉ रश्मि ने डॉक्टर बनने का सपना देखा और उसे साकार भी किया । आगरा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने कानपुर मेडिकल कॉलेज से नवजात शिशु एवं बाल रोग (पीडियाट्रिक)में विशेषज्ञता हासिल की । तत्पश्चात उन्होंने बड़े कठिन परिश्रम से एक छोटे से 2बीएचके फ्लैट में खुद का क्लीनिक खोला जहां उनका मात्र 2 पुराने कुर्सी और टेबल ही उनका फर्नीचर था । क्लीनिक में काम करने के साथ ही वो बहुत से हॉस्पिटल्स में प्रैक्टिस भी करती रहीं । फेलिक्स हॉस्पिटल की नींव डॉ रश्मि की कठिनाइयां यहीं नहीं रुकी । सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण डॉ रश्मि गुप्ता का क्लीनिक बंद करवा दिया गया और एक लम्बी लड़ाई के बाद उन्होंने फेलिक्स हॉस्पिटल की नींव रखी । डॉ रश्मि गुप्ता ने 50 बेड से अस्पताल को 200 बेड तक पहुंचाया और अगले लगभग 2 साल में वो फेलिक्स अस्पताल को 700 बेड विस्तृत करने वाली है । फेलिक्स की नयी शाखाओं की शुरुआत हो चुकी है । डॉ रश्मि गुप्ता के नेतृत्व में फेलिक्स दिल्ली-एन सी आर के बड़े हॉस्पिटलों में शुमार है। वीमेन एम्पावरमेंट पर विशेष ध्यान आपको बता दें डॉ रश्मि गुप्ता के नेतृत्व में फेलिक्स अस्पताल में 70 प्रतिशत महिला कर्मचारी हैं । अस्पताल के अधिकतर विभाग महिलायें ही देख रही है । यहाँ डॉ रश्मि जी द्वारा महिलाओं को विशेष महत्त्व दिया जाता है और उन्हें आगे बढ़ने का हर मौका दिया जाता है । सामाजिक कार्यों में विशेष भूमिका डॉ रश्मि गुप्ता सामाजिक कार्यों बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेतीं है । फेलिक्स अस्पताल ने कोरोना के मुश्किल घड़ी में जनता तक हर संभव मदद पहुंचाई।

# लोकसभा चुनाव में भ्रामक सूचनाओं की समस्या से निपटने के लिए सहयोग से प्रोजेक्ट 'शक्ति' हुआ लॉन्च

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** उददुत ने आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनाव संबंधी भ्रामक सूचनाओं से निपटने

के लिए शुक्रवार को प्रोजेक्ट 'शक्ति' लॉन्च किया गया। गूगल की इस पहल से फैक्ट चेकर्स और न्यूज पब्लिशर्स को फेक न्यूज, डीपफेक और भ्रामक जानकारियों के खिलाफ एक संयुक्त युद्ध लड़ने में सहयोग मिलेगा। इसमें विश्वास न्यूज, द क्विंट, बूम, फैक्टली और न्यूजचेकर जैसे प्रमुख फैक्ट चेंकिंग यूनिट्स शामिल हैं।ने आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी संबंधी भ्रामक सूचनाओं का मुकाबला करने के लिए शुक्रवार को शक्ति लॉन्च कर दिया। गूगल की इस पहल से फैक्ट चेकर्स और न्यूज पब्लिशर्स को फेक न्यूज भ्रामक जानकारियों के खिलाफ एक संयुक्त युद्ध लड़ने में सहयोग मिलेगा। इसमें विश्वास न्यूज द क्विंट बूम फैक्टली और न्यूजचेकर जैसे प्रमुख फैक्ट चेंकिंग यूनिट्स शामिल हैं।शक्ति की मदद से डीपफेक सहित ऑनलाइन भ्रामक व फेक सूचनाओं की समय रहते पहचान कर उसे रोकने की कोशिश की जाएगी। इस साझेदारी के तहत फैक्ट चेक रिपोर्ट्स की रिपॉजिटरी तैयारी की जाएगी।इस परियोजना के तहत समाचार संगठनों और फैक्ट चेकर्स को एडवांस्ड फैक्ट चेकिंग की ट्रेनिंग, डीपफेक की पहचान और फैक्ट चेक एक्सप्लोरर सहित गूगल के नए टूल्स के बारे में ट्रेंड किया जाएगा।

# कर्नाटक विधानसभा में विवादित नारे किसने लगाए, जल्द होगा खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विवादित नारों को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि सरकार

जानबूझकर विधानसभा में लगाए गए इन नारों के मामले में एफएसएल रिपोर्ट में देरी कर रही है। इस पर सीएम सिद्दरमैया ने पलटवार किया है।भाजपा ने आरोप लगाया है कि सरकार जानबूझकर विधानसभा में लगाए गए विवादित नारों के मामले में एफएसएल रिपोर्ट में देरी कर रही है। इस पर सीएम सिद्दरमैया ने पलटवार किया है। सीएम ने कहा कि हम बहुत जल्द एफएसएल रिपोर्ट जारी करेंगे। हम उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे जो दोषी हैं और जिनका देश के प्रति कोई सम्मान नहीं है।सीएम ने कहा कि हम बहुत जल्द एफएसएल रिपोर्ट जारी करेंगे। हम उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे जो दोषी हैं और जिनका देश के प्रति कोई सम्मान नहीं है। सीएम ने कहा कि भाजपा को हमें देशभक्ति सिखाने की जरूरत नहीं है।'

# 29 राज्यों की हस्तशिल्प कला का उत्सव सरस मेला 4 मार्च तक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नोएडा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित व राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर)द्वारा

समर्थित सरस आजीविका मेले में शुक्रवार को वर्कशॉप आयोजित की गई । जिसमें स्वयं सहायता समूहों को ऑनलाइन संवाद तथा बिक्री और संचार के लिए रणनीति तैयार करने पर फोकस किया गया। इस अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन से कविता शर्मा ने सभी दीदियों को अपने उत्पाद की बिक्री और संचार से संबंधित ज्ञान दिया। साथ ही ग्राहकों से संवाद करने के भी गुर बताए। उन्होंने कहा कि आपके उत्पाद कितने ही महत्वपूर्ण एवं गुणवत्ता से परिपूर्ण हैं मगर उन्हें बेचने की कला आपके अंदर होनी चाहिए। इसके लिए ग्राहक के साथ संवाद में भाषाशैली पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। यहां सीआईडीसी के मीडिया एडवाइजर कुमार गिरीश ने कहा कि जितनी गुणवत्ता आपके द्वारा निर्मित सामान में है उससे कहीं अधिक आपके व्यवहार में होनी चाहिए। इसलिए अपने प्रत्येक कस्टमर के साथ मधुर व्यवहार रखें। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान की दिल्ली शाख प्रभारी डा. रूचिरा भट्टाचार्य ने भी पूर्व की भांति सभी दीदियों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके व्यवसाय में कुशलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनआरएलएम से राजीव सिंघल, अजय कुमार साहू, एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद तथा नरेश कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सरस में चल रही कार्यशालाओं से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं में मार्केटिंग कौशल बढ़ा है। मेले के 15वें दिन भारी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने जमकर खरीदारी की। जबकि यहां विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भी सरस मेले का आनंद उठाया। असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के हैंडीक्राफ्ट तथा हैंडलूम के उत्पादों की यहां महिलाओं ने खरीदारी की। नोएडा हाट में आयोजित सरस मेले में मौजूद 29 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, जो परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रतिदिन आयोजन किया जा रहा है।

# बदल गए सोने-चांदी के रेट जानें अब कितनी है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** 1 मार्च 2024 को देश के सभी शहरों में सोने-चांदी के रेट बदल गए हैं। ऐसे में सोना-चांदी खरीदने से पहले आपको अपने शहर के लेटेस्ट रेट जरूर चेक करना चाहिए।आज देश के सभी शहरों में सोने-चांदी के नए दाम जारी हो गए हैं। इनकी कीमतों में आज भी बदलाव देखने को मिला है। अगर आप भी गोल्ड या सिल्वर खरीदने का सोच रहे हैं तो आपको अपने शहर के रेट एक बार चेक करने चाहिए। आज दिल्ली में 24 कैरेट 10 ग्राम सोना 63310 रुपये है।शुक्रवार को वायदा कारोबार में सोने की कीमत 60 रुपये गिरकर 62,507 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर, अप्रैल डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध

की कीमत 60 रुपये या 0.1 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,507 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जिसमें 13,304 लॉट का कारोबार हुआ।वायदा कारोबार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 27 रुपये बढ़कर 69,692 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में, मार्च डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 27 रुपये या 0.04 प्रतिशत बढ़कर 480 लॉट में 69,692 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

# पीछे हटने को तैयार नहीं विद्युत जामवाल की क्रैक पहले हफ्ते में कमा लिए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** विद्युत जामवाल की एक्शन ड्रामा फिल्म 'क्रैक' बॉक्स ऑफिस छोड़ने को तैयार नहीं है। फिल्म की शुरुआत कुछ खास अच्छी नहीं रही। गिरते- पड़ते जितना हो सके 'क्रैक' बिजनेस करने की पूरी कोशिश कर रही है। हालांकि, इस संघर्ष के बीच भी फिल्म बॉक्स ऑफिस से पीछे हटने को तैयार नहीं है।विद्युत जामवालकी क्रैक बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की हालिया रिलीज फिल्म आर्टिकल 370 से मुकाबला कर रही है। दोनों फिल्में साथ में रिलीज हुई थी। वहीं, अब किरण राव के डायरेक्शन में बनी लापता लेडीज फिल्मों ने साथ में थिएटर्स में दस्तक दी थी। अब किरण राव की लापता लेडीज भी मुकाबले में उतर गई है। हालांकि इस टक्कर के बाद भी क्रैक पीछे हटने को तैयार नहीं है।विद्युत जामवाल की 'क्रैक' बॉक्स ऑफिस पर यामी गौतम की आर्टिकल 370 से मुकाबला कर भी टक्कर देने थिएटर्स में आ गई है।'क्रैक' ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 4 करोड़ के साथ शुरुआत की। इसके बाद ओपनिंग वीकेंड वीकेंड पर ही फिल्म का बिजनेस गिर गया। पहले शनिवार को 'क्रैक' ने 2.15 करोड़ और रविवार को 2.30 करोड़ कमाए। इसके साथ ही पहले वीकेंड पर 'क्रैक' ने लगभग 8 करोड़ का बिजनेस कर लिया।विद्युत जामवाल की फिल्म वेड लिए मंडे टेस्ट बेहद निराशाजनक रहा। 'क्रैक' का बिजनेस पहले सोमवार को ही घटकर एक करोड़ हो गया। मंगलवार को भी फिल्म ने एक करोड़ कमाए। इसके बाद तो बिजनेस का स्तर और गिर गया, क्योंकि 'क्रैक' की कमाई करोड़ से लाख में पहुंच गई।'क्रैक' ने बुधवार को डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 90 लाख कमाए। वहीं, अब गुरुवार की कमाई की ओर नजर डाले, तो सैकनिल्क के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने 29 फरवरी को महज 80 कमाए। इसके साथ ही रिलीज के पहले हफ्ते यानी 7 दिनों में 'क्रैक' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लगभग 12.35 करोड़ कमा लिए है।'क्रैक' की स्टारकास्ट की बात करें, तो फिल्म में विद्युत जामवाल ने लीड रोल निभाया है। उनके साथ अर्जुन रामपाल एमी जैक्सन और नोरा फतेही भी अहम किरदारों में हैं। ''क्रैक'' का डायरेक्शन आदित्य दत्त ने किया है।

## शोएब, मनीषा और अद्रिजा के बीच हुई कांटे की टक्कर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** सेलिब्रिटा डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा सीजन 11 को लेकर बड़ी खबर आ रही है। पिछले साढ़े तीन महीनों के संघर्ष के बाद आखिरकार शो को अपना विजेता मिल गया है। शोएब मलिक, मनीषा रानी और अद्रिजा सिन्हा ने टॉप 3 में जगह बनाई। झलक दिखला जा 11 का विजेता बनने के लिए इनके बीच कांटे की टक्कर हुईडांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 पिछले कई हफ्तों से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। शो में अलग- अलग क्षेत्रों से आने वाले सेलेब्स ने हिस्सा लिया। कुछ कंटेस्टेंट्स ने बीच में झलक दिखला जा 11 में हिस्सा लिया। वहीं अब लगभग साढ़े तीन महीनों के लंबे सफर के बाद शो को अपना विनर मिल गया है झलक दिखला जा 11 को ऋत्विक धनजानी और गौहर होस्ट कर रहे थे। वहीं, अरशद वारसी, फराह खान और मलाइका अरोड़ा जज थे। शो के इस सीजन में कई पॉपुलर चेहरों ने हिस्सा लिया, लेकिन ट्रॉफी सिर्फ किसी एक की हुइझलक दिखला जा 11 के विनर को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार वोटिंग ट्रेंड्स देखने को मिल रहे थे। वहीं, हाल ही में शो का फिनाले शूट हो। ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, झलक दिखला जा 11 के टॉप 3 में शोएब मलिक, मनीषा रानी और अद्रिजा सिन्हा ने जगह बनाई। सबसे ज्यादा चौंकाने वाले नतीजे विनर को लेकर आझलक दिखला जा 11 में पहली बार वाइल्ड कार्ड एंट्री ने ट्रॉफी अपने नाम की। रिपोर्ट्स के अनुसार, शोएब मलिक और अद्रिजा सिन्हा को धूल चटाते हुए बिहार ही मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 की विजेता बनी हैं, जबकि उन्होंने शो के बीच में हिस्सा लिया था।



## मुंबई में न होकर जामनगर में ही क्यों हो रहे हैं अनंत और वेडिंग फंक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबाना और राधिका मर्चेंट इस साल जुलाई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं, लेकिन इससे पहले इस होने वाले दूल्हा-दुल्हन के लिए अंबानी परिवार ने ग्रैंड प्री-वेडिंग फंक्शन का आयोजन किया है।1 मार्च से 3 मार्च तक अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन जामनगर में होने जा रहे है। इस ग्रैंड फंक्शन में शामिल होने के लिए विदेश से भी सितारें भारत पहुंच रहे हैं। ऐसा क्या खास है जामनगर में जहां प्री-वेडिंग का आयोजन किया गया है ।जो 1 मार्च से 3 मार्च तक जामनगर में होने जा रहे है। पिछले दो दिनों से गुजरात का जामनगर देसी और विदेशी सितारों से चहक रहा है। ऐसे में कई लोगों के मन में अंबानी परिवार को लेकर एक ही सवाल है कि मुंबई छोड़कर आखिर क्यों गुजरात के जामनगर में अनंत और राधिका के फंक्शन हो रहे हैं। ऐसा क्या खास है जामनगर में जहां प्री-वेडिंग का आयोजन किया गया है। तो चलिए हम आपको इसके पीछे की कहानी बताते हैं, जिसका खुलासा खुद अनंत अंबानी ने किया है।कपल के प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत गुजरात के जामनगर में हो चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अनंत अंबानी ने अपने वेडिंग फंक्शन के जामनगर में होने का खुलासा किया है, उन्होंने बताया कि उनकी दादी का जन्म जामनगर में हुआ था।इसके अलावा उनके दादा धीरू भाई अंबानी और उनके पिता मुकेश अंबानी ने भी अपने बिजनेस की शुरुआत यहीं से की थी। ऐसे में उन्हें इस जगह से बेहद लगाव है, जिसके चलते शादी के फंक्शन यहां हो रहे हैं।इस फंक्शन में शाह रुख खान अमिताभ बच्चन, जाह्नवी कपूर सहित कुछ इंटरनेशनल हस्तियां गुरुवार को जामनगर पहुंची। इस लिस्ट में माइक्रोसॉफ्ट फाउंडर बिल गेट्स, ब्लैक रॉक के सीईओ लैरी फिंक, फेसबुक मेटा सीईओ मार्क जुकेरबर्ग, डिज्नी सीईओ बॉब आइगर, हॉलीवुड सिंगर रिहाना सहित कई पर्सनालिटीज शामिल है।

## शाहिद-कृति की फिल्म ने पूरा किया तीन हफ्तों का सफर जानें अब तक कमाए कितने करोड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की फिल्म ने थिएटर्स में तीन हफ्तों का सफर पूरा कर लिया है। इस दौरान फिल्म ने कुछ अच्छे, तो कई बुरे दिन देखे। आइए जानते शाहिद कपूर और कृति सेनन की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा परफॉर्म किया।शाहिद कपूर और कृति सेन स्टारर तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के वीकली कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने पहले हफ्ते में 44 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन काफी गिर गया। सेकेंड वीक में तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में सिर्फ 21 करोड़ के करीब कमाई कर पाई।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' एक रोमांटिक फिल्म है, लेकिन साइंस के ट्विस्ट के साथ। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने ठीक-ठाक शुरुआत की थी, लेकिन धीरे- धीरे फिल्म की रफ्तार थमती गई।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के बिजनेस को सबसे ज्यादा बूस्ट वैलेंटाइन वीक के दौरान मिला। इसके अलावा वीकेंड पर भी फिल्म ने बिजनेस बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, इतनी मशक्कत के बाद भी शाहिद और कृति की फिल्म 100 करोड़ क्लब में एंट्री नहीं कर पाई।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के वीकली कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म ने पहले हफ्ते में 44 करोड़ का बिजनेस किया। वहीं, दूसरे हफ्ते में फिल्म का कलेक्शन काफी गिर गया। सेकेंड वीक में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में सिर्फ 21 करोड़ के करीब कमाई कर पाई।'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अब बॉक्स ऑफिस पर तीसरा हफ्ता भी पूरा कर लिया है। फिल्म के लेटेस्ट कलेक्शन की ओर नजर डाले, तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने सोमवार को 80 लाख और मंगलवार को भी 80 लाख कमाए। वहीं, बुधवार को कमाई 85 लाख रुपये रही।गुरुवार के बिजनेस रिपोर्ट की बात करें, तो शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, 29 फरवरी को फिल्म ने लगभग 70 लाख का कलेक्शन किया। इसके साथ ही रिलीज के 21 दिनों में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 76.70 लाख का बिजनेस कर लिया है।

## अनुपम खेर ने दी एक्टर्स को सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता-निर्देशक सतीश कौशिक और अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म 'कागज 2' 1 मार्च को रिलीज होने जा रही है। ये फिल्म कई माइनों में खास है।अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म कागज 2 1 मार्च को रिलीज होने जा रही है। ये फिल्म कई माइनों में खास है। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं । हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्म कागज 2 और अपने दोस्त सतीश कौशिक को लेकर कई बातें की ।पहला दो जिगरी यार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। तो वहीं दूसरी ये फिल्म अभिनेता सतीश कौशिक की आखिरी फिल्म है। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म का प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्म 'कागज 2' और अपने दोस्त सतीश कौशिक को लेकर कई बातें की।इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभिनेता अनुपम खेर ने कहा है कि उन्होंने व्यक्तिगत क्षमता से विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया है, लेकिन उनका मानना है।

## जयपुर के इस महल में सात फेरे लेंगी सुरभि चंदना, वेडिंग वेन्यू में हुआ शानदार स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** मानसी श्रीवास्तव, श्रेणु पारिख और नेहालक्ष्मी अय्यर के बाद अब इश्कबाज की चौथी एक्ट्रेस सुरभि चंदना की शादी होने जा रही है। सुरभि काफी समय से अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में हैं। जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस जल्द ही अपनी जिंदगी के प्यार के साथ सात फेरे लेने जा रही हैं। एक्ट्रेस जयपुर में करण के साथ शादी करेंगी। वह फैमिली के साथ वेडिंग वेन्यू भी पहुंच गई हैं। सोशल मीडिया पर सुरभि का एक वीडियो सामने आया है जिसमें होने वाली दुल्हन का वेडिंग वेन्यू में शानदार स्वागत होते देखा गया।सुरभि चंदना ने जिस घड़ी अपनी शादी की अनाउंसमेंट की, तभी से वह सुर्खियां बटोर रही हैं। सोशल मीडिया पर अपने मंगेतर करण शर्मा के साथ रोमांटिक फोटोज शेयर करना हो या फिर दोस्तों के साथ बैचलरेट पार्टी एन्जॉय करना हो, सुरभि हेडलाइंस में बनी हुई हैं। फाइनली अब वह शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं।सुरभि चंदना और करण शर्मा की शादी की रस्में 1 मार्च से शुरू होंगी और 2 मार्च को दोनों सात फेरे लेने जा रहे हैं। कपल जयपुर में शादी करने वाला है। 29 फरवरी 2024 को सुरभि अपनी फैमिली के साथ मुंबई से जयपुर के लिए रवाना हो गई थीं। जयपुर पहुंचते ही एक्ट्रेस का उनके वेडिंग वेन्यू में स्वागत किया गया।सुरभि चंदना जयपुर के पास चोमू जिला के चोमू पैलेस होटल में शादी के बंधन में बंधेंगी। अभिनेत्री गुरुवार को ही फैमिली के साथ पैलेस पहुंच गईं। इंस्टैंट बॉलीवुड ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया है। क्लिप में देखा जा सकता है कि वेडिंग वेन्यू में होने वाली दुल्हन का फूलों की माला और टीका के साथ स्वागत किया गया। सुरभि के अलावा उनकी फैमिली का भी ग्रैंड वेलकम हुआ।सुरभि चंदना की शादी की रस्में मेहंदी फंक्शन से शुरू होगा। इश्कबाज के को-स्टार्स सुरभि की शादी के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। मानसी श्रीवास्तव ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने पति, श्रेणु पारिख, कुणाल जयसिंह और बाकी दोस्तों के साथ फोटो शेयर कर कहा कि वे सुरभि और करण की शादी में धमाल मचाने के लिए एकदम तैयार हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, दूल्हा-दुल्हन के लिए रॉक एंड रोल करने के लिए तैयार हैं। तुम दोनों मेहंदी लगाकर रखना।

## जामनगर में प्रेग्नेंट दीपिका पादुकोण को भीड़ ने घेरा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** बी-टाउन के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह शादी के 6 साल बाद माता-पिता बनने जा रहे हैं। हाल ही में, दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की। और हनी जल्द ही मम्मी-पापा बनने वाले हैं। प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट के बाद दीपिका पहली बार जामनगर में स्पॉट की गईं। एक्ट्रेस राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए मुंबई से रवाना हुईं। जामनगर एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए अभिनेत्री को भीड़ ने घेर लिया। तब रणवीर सिंह अपनी पत्नी को प्रोटेक्ट करने के लिए आगे आए।दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक इन्फोग्राफिक्स कार्ड के जरिए प्रेग्नेंसी का एलान किया था। कपल ने बताया था कि उनका होने वाला बेबी इसी साल सितंबर महीने में आने वाला है। यानी सितंबर में दीपिका और रणवीर माता-पिता बन जाएंगे।प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट के बाद दीपिका पादुकोण पहली बार पब्लिक में स्पॉट हुईं।

## एनीमल के 'अबरार हक' को विलेन नहीं मानते बॉबी देओल कहा- 'हीरो रणविजय से ज्यादा अत्याचार तो उसके साथ हुए'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** नई छवि गढ़ने में माहिर फिल्म बरसात (1995) से बतौर रोमांटिक हीरो शुरुआत करने के बाद आश्रम और लव होस्टल जैसी वेब सीरीज में निभाए विलेन के किरदारों ने बाबी देओल को दिया फेवरेट कैरेक्टर्स, आगामी फिल्मों और परिवार को लेकर बाबी देओल से दीपेश पांडेय से खास बातचीत की अवॉर्ड्स एक तरह से आपके काम की पहचान होते हैं। हालांकि, अवॉर्ड न भी मिले, पर लोगों का प्यार मिलता रहे, वही मेरे लिए इमेज बदलने का अवसर। ओटीटी के बाद एनिमल फिल्म में सिर्फ 15 मिनट की भूमिका में उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि होरी के सामने उनके ही चर्चे हुए। बाबी मानते हैं कि विलेन भी उतार- चढ़ाव से भरी अपनी कहानी का हीरो ही होता है।फिल्म एनिमल में विलेन का किरदार निभाने के लिए बॉबी देओल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। वहीं अब एक्टर आगे अबरार हक से अलग तेवर के कैरेक्टर की खोज कर रहे हैं। एनिमल के बाद उनके हाथ साउथ की एक बड़ी लगी है। बॉबी देओल जल्द पैन इंडिया फिल्म कंगुआ में नजर आने वाले हैं। इसमें उनके साथ सूर्या लीड रोल में हैं।फिल्म एनिमल में विलेन के किरदार के लिए दर्शकों का प्यार पाकर उत्साहित बॉबी देओल अब उससे अलग तेवर के कैरेक्टर की खोज में हैं। 10 मार्च को आयोजित होने वाले जी सिने अवार्ड्स में वह परफॉर्म करते भी दिखाई देंगे । सबसे बड़ी बात है । मैंने तो यही देखा है। पापा ने फिल्म इंडस्ट्री में जीवनभर काम किया, लेकिन अवॉर्ड नहीं मिलता था। उन्हें लोगों का प्यार खूब मिला। जब आपको पुरस्कार मिलता है। तो सबसे ज्यादा खुशी आपके प्रशंसकों को मिलती है। वो खुशी मेरे लिए अवॉर्ड को और खास बना देती है।जब मैंने दिल्लगी (1999) फिल्म की थी । उसे भैया सनी देओल ने निर्देशित किया था। उसमें निभाया किरदार मेरा पसंदीदा है। भैया ने मुझसे बहुत अच्छा काम निकलवाया था। सोचता हूं कि काश उसके लिए किसी पुरस्कार में नॉमिनेट किया गया होता।जब मैंने दिल्लगी (1999) फिल्म की थी । उसे भैया सनी देओल ने निर्देशित किया था। उसमें निभाया किरदार मेरा पसंदीदा है। भैया ने मुझसे बहुत अच्छा काम निकलवाया था। सोचता हूं कि काश उसके लिए किसी पुरस्कार में नॉमिनेट किया गया होता।

## अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन पहुंचे मार्क जुकरबर्ग समेत ये विदेशी सितारे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के तीन दिवसीय समारोहों में हिस्सा लेने के लिए देश-दुनिया की नामचीन हस्तियां बतौर मेहमान पहुंचने लगे हैं। गुरुवार को मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग, अमेरिकी पाप गायिका रिहाना, अभिनेता शाह रुख खान सपरिवार जामनगर पहुंच गए।अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी से पहले के तीन दिवसीय समारोहों में हिस्सा लेने के लिए देश-दुनिया की नामचीन हस्तियां बतौर मेहमान पहुंचने लगे हैं । गुरुवार को मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग अमेरिकी पाप गायिका रिहाना अभिनेता शाह रुख खान सपरिवार जामनगर पहुंच गए ।28 वर्षीय अनंत अंबानी और 29 वर्षीय राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को होनी है और उनकी सगाई पिछले साल जनवरी में हुई थी। राधिका उद्योगपति विरेन मर्चेंट की बेटी हैं। एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति और 94.50 लाख करोड़ रुपये की नेटवर्थ वाले मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन के जन्मस्थान जामनगर से ही तीन दिवसीय रंगारंग परंपरागत आयोजन हो रहे हैं। हॉलीवुड सिंगर रिहाना, अमेरिकी गायक जे.ब्राउन, एडम ब्लैकस्टोन भी पहुंचे हैं। जबकि आमंत्रित मेहमानों में उद्योगपति गौतम अदाणी, कुमार मंगलम बिड़ला, आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री केविन रुड, स्वीडन के पूर्व पीएम कार्ल बिल्डर, कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के शीर्ष अधिकारी भी हैं। डिज्नी के सीईओ बाब इगर का भी आना तय है जिन्होंने बुधवार को रिलायंस के साथ 8.5 अरब डॉलर के विलय की घोषणा की है। शुक्रवार को विशेष आयोजन में 1200 मेहमानों के भोज में 100 शेफ के तैयार किए 500 व्यंजन परोसे जाएंगे।रिहाना के शो के अलावा अमेरिकी जादूगर डेविड ब्लेन अपना जादू चलाएंगे। स्थानीय मंदिर परिसर में भी कई परंपरागत आयोजन होंगे। विवाह पूर्व आयोजनों की शुरुआत बुधवार को गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस टाउनशिप के पास जोगवाड गांव में हुई। यहां स्थानीय लोगों को अन्न सेवा के तहत भोजन कराया गया। अगले कुछ दिनों तक यहां 51,000 स्थानीय निवासियों को गुजराती भोज कराया जाएगा।

## इकोनॉमी क्लास में सफर करते नजर आए रजनीकांत यूजर्स बोले- 'एक ही दिल है कितनी बार जीतोगे सर'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**नई दिल्ली।** रजनीकांत न सिर्फ एक शानदार कलाकार नहीं हैं, बल्कि वह उन स्टार्स में भी शामिल हैं जो सादगी नहीं भूले। रजनीकांत ने फिल्मों से दौलत शोहरत तो खूब कमाई, लेकिन कभी अपनी सादगी नहीं भूले। रजनीकांत फिल्मों से दौलत शोहरत तो खूब कमाई लेकिन कभी अपनी सादगी नहीं भूले। इस वक्त सोशल मीडिया पर एक्टर का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह आम लोगों के बीच इकोनॉमी क्लास वाली फ्लाइट में सफर करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देख सकते हैं एक्टर फ्लाइट में विंडो वाली सीट में आराम से बैठे हुए हैं।एक्टर अपने इसी अंदाज की वजह से लोगों को दिलों पर राज करते हैं। लोग उन्हें अपना भगवान कहते हैं और उन्हें पूजते हैं। इसी बीच एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर फैंस उनकी खूब तारीफ कर रहे हैं।अक्सर देखा जाता है कि फिल्मी सेलेब्ल बिजनेस क्लास में ट्रेवल करते हैं, लेकिन रजनीकांत का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह आम लोगों के बीच इकोनॉमी क्लास वाली फ्लाइट में सफर करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में देख सकते हैं एक्टर फ्लाइट में विंडो वाली सीट में आराम से बैठे हुए हैं और वहां मौजूद लोग उनकी वीडियो और तस्वीर ले रहे हैं। खैर ये पहली बार नहीं है जब एक्टर ने अपनी सादगी से लोगों का दिल जीता हो। इस वीडियो से पहले एक्टर की कुछ फोटोज वायरल हुई थी, जिसमें वह कंधे पर अपना बैग टांगे हुए एयरपोर्ट के बाहर निकालते नजर आए थे। इतने बड़े सुपरस्टार होने के बावजूद उसे खुद बैग लेकर जा रहे थे। लोगों को उनका ये अंदाज देख काफी खुशी हुई थी।एक्टर जल्द अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। दोनों फिल्म 'थलाइवर 170' में पूरे 33 साल बाद साथ नजर आएंगे। एक पोस्ट शेयर कर रजनीकांत ने खुशी जाहिर की थी। उन्होंने एक फोटो शेयर करते हुए लिखा था, '33 साल बाद मैं अपने गुरू अमिताभ बच्चन के साथ आ रहा हूं। मूवी कीटीजे ज्ञानवेल के डायरेक्शन में बन रही है। नाम थलाइवर 170 है। इसमें मैं उनके साथ फिर से काम कर रहा हूं। खुशी से मैं दीवाना हो गया हूं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।